# हरिभूमि

गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 सितंबर 2024










# सुमुख योग में विराजित होंगे विघ्नहर्ता, दोपहर में 2 घंटे 1 मिनट का समय सर्वाधिक फलदायी

## आज से गणेशोत्सव की धूम, शुक्रवार को दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर प्रारंभ हुई चतुर्थी तिथि


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

भक्तों के विघ्न को हरने वाले गणपति आज विराजित होंगे। दिनभर में प्रतिमा स्थापना के लिए तीन मुहूर्त भक्तों को मिलेंगे। इसमें सर्वाधिक शुभ और फलदायी मुहूर्त अपरान्ह का बताया जा रहा है। इतना ही नहीं इस दिन कई अद्भुत संयोग का निर्माण भी हो रहा है। इसमें रवि योग, ब्रह्म योग तथा सर्वार्थ सिद्धि योग शामिल है। चतुर्थी तिथि 6 सितंबर को दोपहर 3:01 मिनट पर लग गई है। चतुर्थी तिथि 7 सितंबर को शाम 5:37 मिनट पर समाप्त होगी। चूंकि उदयातिथि मान्य होती है, इसलिए गणेश चतुर्थी आज मनाई जाएगी। भगवान गणेश का जन्म मध्याह्न काल के दौरान हुआ था, इसीलिए मध्याह्न के समय ⏭ शेष पेज 4 पर

### सुबह का पूजन 7.45 से

वैदिक पंचांग के अनुसार, 11 बजकर 3 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 34 मिनट के बीच भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। इस दिन सुबह का पूजा समय 7 बजकर 45 मिनट से लेकर 9 बजकर 18 मिनट तक का है। निर्मित हो रहे योगों के साथ इस ⏭ शेष पेज 4 पर



### भद्रावास योग प्रातः 4.20 से

ज्योतिषियों की मानें तो भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी 7 सितंबर को प्रातः काल 4 बजकर 20 मिनट पर भद्रावास योग का निर्माण हो रहा है। गणेश चतुर्थी ⏭ शेष पेज 4 पर

### तृतीय मुहूर्त भी

गणेश चतुर्थी पर स्थापना के लिए 3 शुभ मुहूर्त मिल रहे हैं। सुबह 7.36 से 9.10 तक प्रथम मुहूर्त मिलेगा। इसके बाद मध्यान्ह ⏭ शेष पेज 4 पर

## महिलाओं को 18 हजार सालाना, दो गैस सिलेंडर मुफ्त

# शाह का ऐलान- जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 कभी नहीं लौटेगा

*जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का घोषणा पत्र जारी कर दिया। भाजपा के घोषणा पत्र में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर। मां सम्मान योजना के जरिए हर एक परिवार की सबसे सीनियर महिला को 18 हजार रुपए सालाना की आर्थिक सहायता और महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप का लोन माफ की घोषणा की है। शाह ने कहा कि मैं देश से कहना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 इतिहास है। यह कभी वापस नहीं आएगा और हम ऐसा नहीं होने देंगे। अनुच्छेद 370 वह चीज थी जिसने युवाओं के हाथों में हथियार और पत्थर दिए।*

एजेंसी ⏭ जम्मू

भाजपा का घोषणा पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि राज्य में '5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री ए ल पी जी सिलेंडर दिया जाएगा। कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता देने, 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप देने सहित अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दिए जाने का वायदा किया ⏭ शेष पेज 4 पर

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जारी किया जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र




### गृहमंत्री ने कहा- 370 आने नहीं देंगे

शाह ने कहा, धारा 370 और 35 (ए) बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।'

### मोदी-शाह समेत 40 स्टार प्रचारक बनाए

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। लिस्ट में शिवराज चौहान, योगी आदित्यनाथ और स्मृति ईरानी का भी नाम है।

### सौ से अधिक खंडहर मंदिरों का होगा पुनरुद्धार

शाह ने कहा कि 100 से अधिक खंडहर मंदिरों के लिए: ऋषि कश्यप तीर्थ पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इन खंडहर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शंकराचार्य मंदिर , रघुनाथ मंदिर व मार्तंड सूर्य मंदिर सहित अन्य मौजूदा मंदिरों का और अधिक विकास किया जाएगा।

### बीजेपी के मेनिफेस्टो से जुड़ी खास बातें

- भाजपा सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी बस्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- जम्मू-कश्मीर की सरकारी नौकरियों और पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को मिलेगा अब 20% आरक्षण।
- जम्मू-कश्मीर में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी बस्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- जम्मू और श्रीनगर में मेट्रो रेल सुविधाएं शुरू होंगी।
- किसानों का सत्कार, मिलेगा बिजली दरों में 50% कटौती का उपहार।
- ऋषि कश्यप तीर्थ पुनरुद्धार अभियान से 100 हिन्दू मंदिरों का होगा पुनर्निर्माण।
- हर विवाहित महिलाओं को 'मां सम्मान योजना' के अंतर्गत सालाना 18,000 प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही मिलेगा हर साल 2 मुफ्त सिलेंडर।

# फिर गिरा बाजार, डूब गए पांच लाख करोड़ से ज्यादा

शेयर बाजार में मचा कोहराम

| संसेक्स | निफ्टी | BSE मिड कैप |
|---|---|---|
| 81,183 | 25,145 | 48,504 |
| ↓1017(1.24%) | ↓292 (1.17%) | ↓692 (1.41%) |

निफ्टी टॉप लूजर

| शेयर | करंट प्राइस | कितना घटा | चेंज% |
|---|---|---|---|
| SBI | ₹783.90 | ₹34.85 | 4.26% |
| BPCL | ₹352.25 | ₹8.45 | 2.34% |
| ICICI बैंक | ₹1209.45 | ₹26.50 | 2.14% |

### बाजार गिरने के कारण

- वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख
- विदेशी संस्थाओं ने की बिकवाली
- आईटी और तेल गैस कंपनियों के शेयर टूटे
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में रही बिकवाली

# सियासी दंगल में उतरे दो पहलवान, कांग्रेस का थामा हाथ, फोगाट लड़ेंगी चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। दोनों ने दोपहर डेढ बजे कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल, हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और दीपक बाबरिया की मौजूदगी में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दे दिया है।




### हुड्डा समेत 27 विधायक फिर मैदान में, 31 के नाम फाइनल

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर अपने 31 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा में अपने मौजूदा सभी 28 विधायकों में से 27 विधायकों पर विश्वास जताते हुए उनको दोबारा से उन्हीं के क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना से प्रत्याशी बनाया है। । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा गढ़ी सांपला से और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान होडल से, बादली से कुलदीप वत्स और गोहाना से सबसे उम्रदराज करीब 80 साल के जगबीर सिंह मलिक चुनावी मैदान में होंगे। बजरंग पूनिया चुनाव नहीं लड़ेंगे उन्हें प्रचार का कार्य सौंपा गया है।

# हाथरस में बड़ा हादसा, 15 की मौत, तेरहवीं से लौट रहे थे

**लखनऊ।** हाथरस में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बताई जा रही है। बताया गया कि कल मैक्स लोडर और बस में भिड़ंत हो गई थी।

### पीएम ने व्यक्त किया दुख

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक पोस्ट कर हादसे को लेकर दुख जताया। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार का मुआवजा देने का भी ऐलान किया है।

# संविलियन से छूटे 300 शिक्षाकर्मियों को फिर मिलेगा मौका, मंगाए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कुछ वर्ष पू र्व राज्यभर के पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधीन काम करने वाले शिक्षाकर्मियों का संविलयन किया गया था, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान करीब 300 सहायक शिक्षक, शिक्षक, ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रस्ताव में शामिल होगी ये जानकारी

संविलियन के लिए मंगाए गए प्रस्ताव के साथ ही लोक शिक्षण विभाग ने एक प्रोफार्मा जारी कर संबंधित शिक्षा कर्मियों के संबंध में जानकारी भी मांगी है। इसमें कर्मचारी का नाम, पदनाम, कार्यरत संस्था, नगरीय निकाय में नियुक्ति की तिथि, कार्यभार ग्रहण करने की तारीख, संविलियन के लिए दो साल की समयावधि ⏭ शेष पेज 4 पर






## बिष्णुपुर जिले में एक दिन में कुकी उग्रवादियों ने दूसरा हमला किया

# मणिपुर के पूर्व सीएम के घर रॉकेट से हमला, 1 की मौत, 5 घायल

एजेंसी ⏭ इंफाल

कुकी उग्रवादियों ने दोपहर 3 बजे मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर रॉकेट बम से हमला किया। इस हमले में 1 एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। कांग्रेस नेता मैरेम्बम कोइरेंग राज्य के पहले मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

कोइरेंग 1963 से 1967, 1967 में 200 दिन और 1968 में 3 बार मणिपुर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका निधन 27 दिसंबर 1994 को हो चुका है। बता दें कि कुकी उग्रवादियों ने शुक्रवार की सुबह भी बिष्णुपुर जिले में राकेट बम से हमला किया था जिससे दो इमारतों का क्षति पहुंची।

### उग्रवादियों के खिलाफ एमएमजी का होगा इस्तेमाल

केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। एमएमजी में 7.62 मिलीमीटर राउंड का इस्तेमाल किया जाता है। ये लंबी बैरल के साथ बाय-पॉड और ट्राइपॉड से लैस हैं और इसे वाहन पर लगाया जा सकता है, जिससे 100 से 1,200 मीटर की दूरी पर अधिक सटीक फायरिंग की जा सकती है।




गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं।

II HARE KRISHNA II

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

## इस गणेश चतुर्थी अपने सपनों के घर को पूरा करने का मौका न चूकें!

## छत्तीसगढ़ में पहली बार!
# फ्लैट खरीदने पर एक प्लॉट मुफ्त!

सिंघानिया बिल्डकॉन
10 साल 1% ब्याज की राहत-
हम भरेंगे, आप बचाइए!

फ्री डाक्यूमेंटेशन
PROCESSING
BANK STAMP
TECHNICAL & LEGAL

# MEGA LOAN MELA
6, 7 & 8 SEP. 2024

क्योंकि ये घर की बात है!

Harshit Landmark,
Hirapur Chowk Raipur



HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL

RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348
www.rera.cgstate.gov.in

PREMIUM 3 BHK 1612 SQ.FT.
PREMIUM 4 BHK 1954 SQ.FT.

*T&C Apply

Bank Partner : SBI, HDFC HOME LOANS, AXIS BANK, ICICI Bank, pnb Housing Finance Limited, बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank, YES BANK, BOI, LIC HFL, Jana Small Finance Bank, Aadhar Housing Finance Ltd, Fullerton India, DCB BANK

Call : 9827-321-321 | www.singhaniabuildcon.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### किस कालेज में कितनी सीट और एडमिशन

| कालेज | कुल सीट | पहला आवंटन | एडमिशन |
|---|---|---|---|
| रिम्स | 150 | 106 | 62 |
| शंकराचार्य | 150 | 103 | 78 |
| बालाजी | 150 | 109 | 85 |
| रावतपुरा | 150 | 99 | 59 |
| अभिषेक मिश्रा | 100 | 58 | 56 |



**दूसरे राउंड के लिए संस्था चयन 9 से**

शेष बची सीटों के लिए छात्रों को संस्था चयन की प्रक्रिया 9 सितंबर से पूरी करनी होगी। 18 सितंबर इसकी अंतिम तारीख है। 23 को सूची का प्रकाशन होने और 24 से 27 सितंबर कर संस्था में दस्तावेजों की स्कूटनी और 28 सितंबर तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# ऐसा पहली बार, पहले ही राउंड में निजी मेडिकल कालेजों की भी 70 फीसदी से ज्यादा सीटें पैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी मेडिकल कालेजों की आस में दूसरे राउंड की काउंसिलिंग का इंतजार करने के बजाए एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने निजी कालेजों में एडमिशन का मौका छोड़ना उचित नहीं समझा है। पहली बार पहले राउंड में ही निजी कालेजों की आवंटित 71 फीसदी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- प्रथम चरण में 475 सीटों का हुआ था आवंटन, 340 सीटों पर एडमिशन पूरा
- पांच कालेजों में 700 सीटें, प्रवेश के लिए स्ट्रे राउंड की संभावना कम

### सरकारी कालेजों की 94 फीसदी सीटें भरी

राज्य के दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कुल 1146 सीटों का आवंटन पहले राउंड के लिए किया गया था इसमें से 1088 विद्यार्थियों ने मौका नहीं गंवाया ▶▶|शेष पेज 4 पर

### छात्रों ने मौका नहीं गंवाया

इस बार विद्यार्थियों ने निजी कालेजों में भी दिलचस्पी दिखाई है। सीटें बढ़ने के बाद भी आवंटन के साथ 70 फीसदी विद्यार्थियों ने अपना एडमिशन पूरा किया है। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए संस्था चयन 9 सितंबर से प्रारंभ होगा।

- डॉ. यूएस पैकरा, संचालक, चिकित्सा शिक्षा

**प्रवीण ने ऊंची कूद में जीता सोना**

**26वां** मेडल भारत के खाते में आया

**2.08** मीटर की लगाई कूद




# 6वां गोल्ड जीत भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय एथलीट रोज नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। पहले भारत ने डबल डिजिट में पदक जीते, फिर टोक्यो पैरालंपिक के 19 मेडल के रिकॉर्ड को तोड़ा। अब भारत ने अपने टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। टोक्यो पैरालंपिक में भारत के खाते में 5 स्वर्ण पदक आए थे। पेरिस पैरालंपिक में भारत अब तक 6 गोल्ड मेडल जीत चुका है। शुक्रवार को प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### टोक्यो में जीते थे 5 स्वर्ण

टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भारत ने 5 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य जीते थे। पेरिस पैरालंपिक में भारत अब तक 6 गोल्ड मेडल, 9 सिल्वर मेडल और 11 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। यह पेरिस पैरालंपिक में भारत का 26वां मेडल है और तालिका में 14वें स्थान पर है।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवीण कुमार को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'नई ऊंचाइयों को छूने और पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रवीण कुमार को बधाई! भारत को उन पर गर्व है!'

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीबीआई करेगी यूबीटी के पूर्व पार्षद की हत्या की जांच



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शिवसेना के पूर्व पार्षद अभिषेक घोसालकर की हत्या की जांच सीबीआई को सौंप दी और कहा कि पुलिस ने मामले में कुछ पहलुओं की जांच नहीं की है। कोर्ट ने मृतक की पत्नी तेजस्वी घोसालकर की याचिका स्वीकार कर ली।

### नीरज सिंघल को मिली सशर्त जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भूषण स्टील के पूर्व प्रवर्तक नीरज सिंघल को 46,000 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से उपजे धनशोधन मामले में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने जमानत दी।

### महिला पुलिस अधिकारी ने इमारत से कूदकर दी जान



**इंदौर।** इंदौर में एक महिला पुलिस अधिकारी नेहा शर्मा ने पीटीसी की बहुमंजिला आवासीय इमारत से कथित तौर पर छलांग लगाकर जान दे दी। सहायक पुलिस आयुक्त आशीष पटेल ने बताया कि आजाद नगर क्षेत्र स्थित पीटीसी में नेहा शर्मा सूबेदार के पद पर तैनात थीं।

### अंतिम संस्कार में जा रहे परिवार की हादसे में मौत




**बाराबंकी।** जिले के थाना कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम इनायतपुर में दो कारों और एक ई-रिक्शा में टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए सभी लोग अंतिम संस्कार में जा रहे थे।

ट्रेनी मेडिकल डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में सीबीआई के बाद ईडी की कार्रवाई

# संदीप घोष व करीबियों पर ईडी का शिकंजा कोलकाता, हुगली सहित कई जगहों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ संदीप घोष तथा उनके सहयोगियों के आवास सहित 6 स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा और कई दस्तावेज बरामद किए। घोष के साथ उनके 3 सहयोगियों के यहां भी छापेमारी चल रही है। इन छापेमारियों में संदीप घोष के करीबियों सहित आरजी कर अस्पताल के डेटा एंट्री ऑपरेटर प्रसुन चटर्जी का घर और संदीप घोष के एक पुराने करीबी का भी घर है। यह छापेमारी कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार के मामले में की गई है।*

प्रवर्तन निदेशालय की टीम पश्चिम बंगाल के हावड़ा, सोनारपुर और हुगली में पहुंची है। हुगली में डॉ घोष के एक रिश्तेदार का आवास है। केंद्रीय जांच एजेंसी मेडिकल कॉलेज से जुड़े कथित वित्तीय घोटाले के संबंध में तलाशी अभियान चला रही है। गौरतलब है कि सीबीआई भ्रष्टाचार के मामले में संदीप घोष को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी उस पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आज शुक्रवार को ईडी ने कोलकाता में 5 से 6 जगहों पर छापेमारी की है।

कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में वित्तीय घोटालों को लेकर ईडी ने पिछले हफ्ते मामला दर्ज किया था। ईडी ने यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो की एफआईआर के आधार पर किया था। एफआईआर में सीबीआई ने वित्तीय गड़बड़ी के संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के साथ-साथ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और बेईमानी का आरोप लगाया है। मामले संज्ञेय अपराध और गैर-जमानती हैं। जांच एजेंसियां फिलहाल उनसे पूछताछ कर रही हैं।

### घोष पर क्या-क्या आरोप लगे?

अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद इसको आत्महत्या बताया गया था। घोष पर आरोप है कि मामले को आत्महत्या बनाने की योजना उनकी ही थी। इससे अलग, घटना वाली जगह पर सेमिनार हॉल के पास घटना होने के बाद निर्माण कार्य के चलाने की अनुमति भी घोष ने ही दी थी। घोष पर कई अवैध गतिविधियों में शामिल होने के भी आरोप लगे हैं, जिसमें लावारिस शवों की बिक्री भी शामिल है।




### घोष हुए थे 2 सितंबर को गिरफ्तार

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सभागार में 9 अगस्त को एक महिला ट्रेनी डॉक्टर का रेप हुआ और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद देशभर में विरोध शुरू हो गया। जांच के दौरान सीबीआई को मेडिकल कॉलेज में वित्तीय घोटाले का पता चला, तब उन्होंने डॉ घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया। डॉ घोष 8 दिन की हिरासत में हैं। उन्होंने डॉक्टर के रेप-हत्या के बाद प्रधानाचार्य के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### डीएनए रिपोर्ट मिली संजय पर ही रुकी सुई

उधर सीबीआई की जांच अब अंतिम चरण में है। डीएनए रिपोर्ट सीबीआई के पास पहले ही आ चुकी है, जिसे फाइनल ओपिनियन के लिए एम्स भेजा गया था। एम्स के डॉक्टरों का पैनल डीएनए रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन कर फाइनल रिपोर्ट जल्द ही सीबीआई को सौंपी जाएगी। सूत्रों का दावा है कि संजय का डीएनए पीड़िता के डीएनए से मैच हो रही है जिससे यह स्पष्ट हुआ है कि इस घटना को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया है। घटना के शुरुआती दौर में ऐसा संदेह था कि इस घटना में कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं।

### क्या है पूरा मामला?

9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर की हत्या से पहले रेप की पुष्टि हुई। उसकी आंख, मुंह, पैर, गर्दन, हाथ, कमर और निजी अंगों पर काफी चोटें थीं। घटना सामने आने के बाद पूरे देश में विरोध शुरू हो गया और डॉक्टर अपनी सेवाएं ठप कर हड़ताल पर चले गए। फिलहाल सीबीआई जांच में जुटी है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा के बारसूर में संचालित नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केन्द्र में शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे आकाशीय बिजली गिरने से सीआरपीएफ 111 बटालियन के दो जवान की मौत हो गई। एक दिन पूर्व भी बीजापुर जिले के कावड़गांव में सर्चिंग पर निकले एक जवान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई थी। दो दिन के अंतराल में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से यह तीसरी मौत है। आईजी सुदंरराज पी ने बताया कि सीआरपीएफ के कान्स्टेबल महेंद्र कुमार निवासी प्रयागराज यूपी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र की घटना
- एक दिन पूर्व बीजापुर जिले के कावड़गांव में भी एक जवान की हुई थी मौत

### परिजनों को दी गई सूचना

आईजी ने बताया कि दोनों जवानों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। वहीं शवों को गृहग्राम भेजने अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जवानों की मौत से साथी जवान सदमें में है, वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजनों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

**ड्रग्स तस्करी की जांच के बाद लिया गया एक्शन**

# पूर्व डीएमके नेता का बंगला, होटल, लग्जरी कारों सहित 55 करोड़ की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और उनके सहयोगियों पर कड़ा एक्शन लिया है। जांच एजेंसी ने उनका आलीशान बंगला, होटल और महंगी कारों सहित 55 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 14 अचल संपत्तियां जब्त की हैं। जेएसएम रेजीडेंसी होटल के अलावा एक आलीशान बंगला, जगुआर और मर्सिडीज जैसी 7 महंगी गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि संपत्तियों को अवैध रूप से कमाया गया है।



### दोनों भाइयों को ईडी ने किया है अरेस्ट

ईडी के मुताबिक इस पूरे सेट अप का इस्तेमाल अवैध ड्रग तस्करी से होने वाली आय को रूट करने के लिए किया गया था। इसलिए, जाफर सादिक को ईडी ने 26 जून, 2024 को गिरफ्तार किया और उसके भाई मोहम्मद सलीम को 12 अगस्त को गिरफ्तार किया गया।

### मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल!

ईडी की जांच से पता चला है कि जाफर सादिक अपने भाई मोहम्मद सलीम और अन्य लोगों के साथ मिलकर स्यूडोएफेड्रिन और अन्य मादक पदार्थों के निर्यात और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल था। वह अन्य व्यक्तियों और रिश्तेदारों के साथ कई फर्मों, संस्थाओं, कंपनियों का निदेशक व भागीदार है। इसका इस्तेमाल अपराध की आय को चैनलाइज करने के लिए किया गया।

# गर्भवती महिला को नगर सेना के जवानों ने उफनती नदी पार कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अलग-अलग इलाकों में हो रही बारिश से नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है। इन इलाकों में आपात स्थिति के लिए प्रशासन ने नगर सेना की टीम तैनात की है, जो ग्रामीणों व सरकारी अमले को लाइफ सपोर्ट बोट के जरिए नदी नालों को पार करा रहे हैं। शुक्रवार को एक मामला फिर सामने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये लोग शामिल थे दल में

बचाव दल में कुम्हार कृष्ण राव, जिल्युस तिर्की, कृष्णदेव चालकी, संदीप भगत, मनीराम तेलम, रामचंद्र पवार, रैन्नु मज्जी, कन्हैया दुब्बा व अरुण दुब्बा शामिल थे। गर्भवती महिला चिंता वडे को लाइफ सपोर्ट बोट के जरिये उफनती नदी पार करा कर गंगालुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।




# हत्या के बाद शव दफनाकर ऊपर बना दी जल जीवन मिशन की पानी टंकी

**तीन महीने बाद पुलिस ने खुदाई कर निकाला कंकाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

अपराधी अपराध को कितना भी छिपा ले, एक ना एक दिन सच्चाई सामने आ ही जाती है। ऐसा ही कुछ हुआ है संदीप लकड़ा की हत्या के मामले में। चोरी की शंका पर ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर संदीप लकड़ा की बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी और फिर हत्या को छिपाने फिल्मी अंदाज में जमीन के भीतर शव को दफन कर कब्र के ऊपर पानी टंकी का निर्माण करा दिया, लेकिन अब पुलिस ने आरोपियों के मुंह से सच्चाई उगलवा ली है। पुलिस ने मैनपाट के ग्राम लुरैना में जल जीवन मिशन की पानी टंकी का फाउंडेशन खोदकर कंकाल बरामद किया है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

- मारपीट के बाद शव को फिल्मी अंदाज में लगाया ठिकाने

### निर्माण सामग्री की चोरी से जुड़ा है मामला

यह पूरा मामला निर्माण सामग्री की चोरी से जुड़ा हुआ है। अभिषेक पांडेय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि संदीप लकड़ा ने अपने साथी के साथ मिलकर निर्माणाधीन स्थल से छड़, सीमेंट की चोरी की। इस मामले में पुलिस ने संदीप लकड़ा के साथी को गिरफ्तार भी किया था लेकिन पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मोबाइल कॉल के लोकेशन ने उलझाया

आरोपियों ने बड़े ही शातिर तरीके से हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाया था। आरोपियों ने पहले तो युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी और फिर अपराध छिपाने के लिए शव को दफन कर कब्र के ऊपर टंकी बना दी। इधर पुलिस को उलझाने के लिए आरोपियों ने मृतक के मोबाइल का सहारा लिया। पुलिस जब भी मृतक की तलाश करती तो उसके मोबाइल फोन का लोकेशन गोवा, मुम्बई बता रहा था और जब वहां पहुंची तो उन्हें कुछ भी नहीं मिला। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि ▶▶|शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए मिशन मोड में काम हो

जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। पृथ्वी पर पेयजल का संसाधन सीमित है, वहीं पर्यावरण की अनदेखी से जलवायु परिवर्तन की दुश्वारियां और धरती पर तापमान बढ़ रहा है। भारत के पास दुनिया के कुल ताजे पानी का केवल चार प्रतिशत है। इसलिए जल संरक्षण सरकार व नागरिकों का मिशन होना चाहिए। जल खपत को लेकर हम मितव्ययी नहीं हैं। जल की उपलब्धता में भी असमानता है। शहरों में जलापूर्ति बड़ा टास्क है। आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी देश की करीब एक तिहाई से अधिक आबादी की शुद्ध पेयजल तक पहुंच नहीं है। यूं तो भारत में अनेक नदियां हैं, झील हैं, सरोवर हैं, तीन ओर से महासागरों से घिरा है, इसके बावजूद पेयजल के सीमित स्रोत हैं। हाल के वर्षों में भारत में सभी क्षेत्रों में भूजल स्तर लगातार गिरता गया है। पानी बचाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता जायज है। जल संचयन राष्ट्रीय अभियान बनना चाहिए। पीएम ने जल-संचयन के लिए जल का दुरुपयोग रोकने, उसके पुनः इस्तेमाल और रिचार्ज करने के साथ ही उसके पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया है। लेकिन जल संचयन अभियान तभी सफल होगा, जब यह सरकार की नीतियों की प्राथमिकताओं में शामिल होगा। देश के नागरिकों में न ही जल की बचत को लेकर जागरूकता है, न जल के उपयोग को लेकर अनुशासन है, न ही जल आपूर्ति विभाग में प्रशासनिक दक्षता है। जलापूर्ति में सरकारी लापरवाही का नतीजा ही है कि देश में 14 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा निजी जलापूर्ति कारोबार है, समय के साथ ये बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी की राजग सरकार ने हर घर नल से जल आपूर्ति मिशन शुरू किया, बुनियादी स्तर पर इसे लागू भी किया है, पर रखरखाव व निरंतर आपूर्ति प्रबंधन में कमी के चलते नल से जल आपूर्ति योजना दम तोड़ रही है। देश में वर्षा जल संरक्षण के उपाय भी सीमित हैं। 'जल संचय जन भागीदारी' पहल अच्छा प्रयास है, पर इसमें भारी सरकारी निवेश भी होना चाहिए। नहीं तो स्वच्छ भारत अभियान का हश्र देश के सामने है। अनेक सेलिब्रिटी को ब्रांड अंबेस्डर बनाने, पीएम से लेकर मंत्रियों के झाड़ू पकड़ने, रेडियो-टीवी पर प्रचार करने के बावजूद वित्तीय ढांचा साफ नहीं होने के चलते स्वच्छ भारत अभियान अपनी सफलता के उच्च स्तर को हासिल नहीं कर सका। नीतिगत स्पष्टता व पर्याप्त वित्तीय आवंटन नहीं होने से सरकार की स्किल इंडिया, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट विलेज समेत अनेक योजनाओं की स्थिति दयनीय है। आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया जैसे अभियान नारे तक सीमित हैं। केवल सांस्कृतिक हवाला देने से कोई योजना सिरे नहीं चढ़ेगी, सरकारी प्रयास व निवेश आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन से जल संकट का नाता है। कहीं जानलेवा बारिश, कहीं सूखा, कहीं भूस्खलन, कहीं तूफान अदि क्लाइमेट चेंज के दुष्परिणाम हैं। यूरोपीय जलवायु परिवर्तन सेवा के मुताबिक, 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष होगा।'इप्सोस यूके' द्वारा संचालित तथा 'अर्थ4ऑल' एवं 'ग्लोबल कॉमन्स अलायंस' (जीसीए) द्वारा अधिकृत 'ग्लोबल कॉमन्स सर्वेक्षण 2024' के मुताबिक, 80 प्रतिशत भारतीय पर्यावरण को होने वाले नुकसान को अपराध घोषित करने के पक्ष में हैं। भारत क्लाइमेट चेंज पर पेरिस करार में लीडिंग भूमिका में है, इसलिए सरकार पर भारत में पर्यावरण संरक्षण को नीतिगत स्तर पर बढ़ावा देने का दबाव भी है। सरकार को जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए मिशन मोड में काम करने की जरूरत है।

## दो टूक
संजीव ठाकुर



# भारत मूल के मतदाता प्रभावित करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

अमेरिका में 60वां राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होगा। इस चुनाव से अमेरिका में 47वां राष्ट्रपति एवं 50वां उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां, राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है, फिर वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन, समझौते या युद्ध में मदद की बात हो अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक,व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर आपस में टकराते रहे हैं। यह गौर करने वाली बात है कि अमेरिका में अगला राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करेगा। चुनाव से पहले अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के एक बड़े समूह ने चुनाव में भारतीय अमेरिकी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रयोजन शुरू किया है। एक नान प्रॉफिटेबल संस्था फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज ने एक अभियान चलाया है जिसे इंडो अमेरिकन वोटर्स मेटर नाम दिया गया है जिसमें तमाम भारतवंशियों को एक छत के नीचे लाने का प्रयास किया जा रहा है।

अमेरिका में स्विंग राज्यों (बैटल-ग्राउंड) में निवासरत भारतीय मूल के मतदाता राष्ट्रपति चुनाव को खासा प्रभावित करने वाले होते हैं, उनको प्रभावित करने का प्रयास किया जाएगा। अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के 42 लाख लोगों में लगभग 27 से 28 लाख मतदाता नागरिक हैं। ऐसे में भारतीय मतदाताओं की भूमिका राष्ट्रपति चुनाव में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रपति के चुनाव में अमेरिका की 538 सीटों पर चुनाव होने हैं। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस या रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप यदि 270 से ज्यादा सीट जीतते हैं तो वे राष्ट्रपति पद के हकदार हो जाएंगे। चूंकि डोनाल्ड ट्रंप की ज्यादा उम्र है, उन पर लगभग 34 आपराधिक प्रकरण भी न्यायालय में लंबित हैं। ऐसे में उनका पक्ष कमजोर दिखाई देने लगा है। एक सर्वे के अनुसार कई राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप से लोकप्रियता में काफी आगे चल रही है। कमला हैरिस के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टीम वाल्स एवं डोनाल्ड ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जेडी वेंस होंगे, जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलकुरी जो भारतीय मूल की है और वे पूरे दमखम के साथ रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार-प्रसार कर रही है।

अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से भारतीय मूल के मतदाताओं को अपनी तरफ करने के लिए स्टार प्रचारक बन चुकी हैं। भारतीय मतदाताओं को रिझाने के लिए अलग-अलग भारतीय मूल के लोग सक्रिय हैं। यह तो तय है कि स्विंग स्टेट यानी बैटल-ग्राउंड में भारतीय मूल के मतदाता जिस पार्टी को वोट देंगे, वही पार्टी चुनाव जीतने में सक्षम होगी। डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिका में उदारवादी दल माना जाता है और उसके मेनिफेस्टो में नागरिक अधिकारों में बढ़ावा, सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना एवं जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान से निपटने हेतु उपाय करना शामिल है। दूसरी तरफ रिपब्लिकन पार्टी यानी ग्रैंड ओल्ड पार्टी मानी जाती है और इसके एजेंडे में सरकार की सीमाओं को छोटा करना, हथियार रखने एवं गर्भपात पर लगे प्रतिबंध को तुरंत हटाने की बात शामिल है। डेमोक्रेट पार्टी की कमला हैरिस रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के अलावा राष्ट्रपति चुनाव के मैदाने जंग में स्वतंत्र उम्मीदवार जॉन एफ कैनेडी के भतीजे रॉबर्ट एफ कैनेडी भी चुनाव लड़ रहे हैं। अमेरिका के चुनाव के नतीजे से भारत के रिश्तों में थोड़ा बहुत परिवर्तन तो होगा ही, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व कार्यकाल में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप के संबंध निजी तौर पर काफी प्रगाढ़ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में दी जाने वाली अमेरिकी सहायता के खिलाफ रहे हैं। यदि डोनाल्ड ट्रंप जीते तो पाकिस्तान के लिए और बुरे दिन आने की संभावना है। यह अलग बात है कि डोनाल्ड ट्रंप चीन पर नियंत्रण रखने का प्रयास करेंगे। यदि डेमोक्रेट पार्टी की कमला हैरिस चुनाव जीतती है और यदि जो बाईडेन की नीतियों पर चलने का प्रयास करेंगीं तो भारत द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध रूस को समर्थन दिए जाने पर विरोध का स्वर जारी रखेंगीं, जो बाईडेन रूस यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल लिए जाने पर खासा नाराज हुए थे। कमला हैरिस चूंकि भारतीय मूल की हैं, अतः उनकी संवेदना भारत के प्रति भविष्य में ज्यादा होने की आशाएं हैं।

(लेखक वरिष्ठ चिंतक, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विकास की राह
शिवेश प्रताप

# रोजगार समाधान करती मोदी सरकार

> सरकार ने अपने पहले बजट में उच्च शिक्षा और उद्यमिता के समर्थन के लिए महत्वपूर्ण संसाधन आवंटित किए हैं। शिक्षा के लिए वित्तीय समर्थन का विस्तार एक योजना के साथ किया गया है, मोदी 3.0 सरकार के प्रारंभिक प्रयास रोजगार सृजन, कौशल विकास, वित्तीय समर्थन, और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाले एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से युवा नाराज़गी को कम करने के लिए एक स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है। युवाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करके, सरकार एक अधिक जीवंत और गतिशील भविष्य की नींव रख रही है, जहां युवा अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

भारत में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। हाल ही में प्रकाशित इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन और मानव विकास संस्थान की भारतीय रोजगार रिपोर्ट 2024 में यह पाया गया कि भारत में शिक्षित युवाओं के बेरोजगार होने की संभावना अधिक है। अशिक्षित लोगों में बेरोजगारी दर 3.4% है, जबकि स्नातक युवाओं में यह दर 29.1% है। 12वीं पास की बेरोजगारी दर 2000 में 35.5% थी, जो 2022 में 65.7% हो गई है। बेरोजगारी की इस स्थिति को देखते हुए, मोदी 3.0 सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि वे इस समस्या का समाधान कैसे करे। बेरोजगारी का मुद्दा सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल के चुनावों में यह प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

**गुणवत्ताहीन शिक्षा :** भारत में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव भी साफ नजर आ रहा है। कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में स्कूल और कॉलेज खुल रहे हैं, लेकिन उनमें गुणवत्ता की कमी है। एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार, देश की शिक्षा व्यवस्था खस्ताहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 साल के बच्चों की शिक्षा का स्तर भी काफी कमजोर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हर साल 1.30 करोड़ लोग नौकरी की तलाश में निकलते हैं, लेकिन केवल एक चौथाई एमबीए, पांच में एक इंजीनियर और दस में एक ग्रेजुएट ही नौकरी के योग्य होते हैं।

**असंगत कौशल विकासः** स्किल इंडिया मिशन जैसे प्रयासों के बावजूद कौशल विकास की दिशा में काफी कम प्रगति हुई है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 85% स्कूलों में आज भी वोकेशनल कोर्स उपलब्ध नहीं हैं। प्रशिक्षित युवाओं में से केवल 20% को ही रोजगार मिल पाया है।

**रोजगार संगत बाजार की कमीः** भारत में रोजगार संगठित क्षेत्र में काम करने वाली आबादी की संख्या बहुत कम है। देश का युवा वर्ग, शिक्षित होने के बावजूद भी असंगठित क्षेत्रों में काम करने के लिए मजबूर है।

**रिक्तियों और नए पदों का अभावः** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति हजार जनसंख्या पर केवल 16 सरकारी कर्मचारी हैं, जो चीन में 57 और अमेरिका में 77 की तुलना में काफी कम है। सरकारी नौकरियों में भी कई रिक्तियां हैं जो वर्षों से खाली पड़ी हैं।

**मोदी सरकार की पहल और समाधान :** सरकार गठन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए नवीनतम बजट में, मोदी 3.0 सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के युवाओं की चिंताओं को संबोधित करने और उनके तनाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्टअप समर्थन और शैक्षिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थायी वातावरण तैयार करना है जो युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने में सक्षम बनाएगा

**विकास के लिए बजट :** मोदी 3.0 सरकार की युवा नाराज़गी को कम करने की रणनीति का केंद्र बिंदु रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए पांच योजनाओं का एक व्यापक पैकेज है। इस पहल से अगले पांच वर्षों में पूरे भारत में 4.1 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें 2 लाख करोड़ का



केंद्रीय प्रावधान है। ये उपाय एक खास समय पर आए हैं, जहां सार्थक नौकरी के अवसरों की बढ़ती मांग और कौशल वृद्धि की आवश्यकता है। बजट का रोजगार सृजन व कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना युवाओं द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का सीधा जवाब है, खासकर आर्थिक व्यवधानों और तकनीकी प्रगति के मद्देनजर जिसने नौकरी बाजार को पुनः आकार दिया है।

### युवाओं को प्रभावित करने वाले कदम

**एंजल टैक्स समाप्तः** स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने निवेशकों के लिए एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया है। इस कदम से स्टार्टअप्स में अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे युवा उद्यमियों को अत्यधिक कराधान के बोझ से मुक्त होकर नवाचार करने में मदद मिलेगी।

**वेतन योजना :** औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना उन सभी व्यक्तियों को एक महीने का वेतन प्रदान करेगी जो पहली बार कार्यबल में प्रवेश कर रहे हैं। इसके अलावा, एक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के तहत, ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में पंजीकृत पहली बार के कर्मचारियों को 15 हजार तक के वेतन पर तीन किश्तों में एक महीने का वेतन दिया जाएगा। इससे लगभग 210 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**विनिर्माण में नौकरी सृजनः** विनिर्माण क्षेत्र में नौकरी सृजन के लिए एक समर्पित योजना भी लाई गई है। इससे न केवल तत्काल रोजगार के अवसर मिलेंगे बल्कि एक मजबूत औद्योगिक आधार बनाने में भी मदद मिलेगी, जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है।

**कौशल विकास पहले :** राज्य सरकारों और उद्योग साझेदारों के सहयोग से सरकार ने अगले पांच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल देने के लिए पहल की है। ये कार्यक्रम आधुनिक अर्थव्यवस्था की मांगों के साथ संरेखित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि युवा लोग उन क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल रखते हैं जो उच्च मांग में हैं।


**इंटर्नशिप के अवसरः** व्यावहारिक अनुभव के महत्व को पहचानते हुए एक व्यापक योजना शुरू की गई है, जिसमें 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को पांच वर्षों में इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। प्रत्येक इंटर्न को 5,000 प्रति माह भत्ता और 6,000 की एक बार की सहायता दी जाएगी, जिससे उन्हें मूल्यवान उद्योग अनुभव प्राप्त करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### आर्थिक सहायता और शैक्षिक अवसर

युवाओं के लिए, सरकार ने अपने पहले बजट में उच्च शिक्षा और उद्यमिता के समर्थन के लिए महत्वपूर्ण संसाधन आवंटित किए हैं। शिक्षा के लिए वित्तीय समर्थन का विस्तार एक योजना के साथ किया गया है, जिसमें घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण प्रदान किए जाएंगे। वहीं, युवा उद्यमियों को समर्थन देने के लिए, 'तरुण' श्रेणी के तहत पहले के ऋणों का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान करने वालों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है। मोदी 3.0 सरकार के प्रारंभिक प्रयास रोजगार सृजन, कौशल विकास, वित्तीय समर्थन, और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने वाले एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से युवा नाराज़गी को कम करने के लिए एक स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है। युवाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करके, सरकार एक अधिक जीवंत और गतिशील भविष्य की नींव रख रही है, जहां युवा भारतीय अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

(लेखक तकनीक प्रबंध सलाहकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हर किसी को मिले उचित पेंशन

यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम से सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे, इस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं, लेकिन समय के साथ-साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों के बेसिक वेतन का लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। इस योजना में और भी प्रावधान सरकार ने किए हैं। कुछ लोग नई पेंशन योजना से ज्यादा पुरानी पेंशन योजना को बेहतर बताएंगे। हर किसी को उचित पेंशन मिलनी चाहिए।

- विवेक जायसवाल, महासमुंद

## करंट अफेयर

### हैरिस ने अगस्त में ट्रम्प से दोगुना से अधिक धन जुटाया

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने दानदाताओं से अगस्त में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुना से अधिक धन जुटाया है। हैरिस के प्रचार अभियान दल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रचार अभियान दल ने कहा कि राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी घोषित होने के बाद अपने पहले माह में हैरिस ने 30 लाख दानदाताओं से करीब 36 करोड़ 10 लाख अमेरिकी डॉलर प्राप्त किए हैं। जबकि ट्रम्प की टीम ने कहा कि अगस्त में पूर्व उपराष्ट्रपति को दानदाताओं से करीब 13 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए हैं। हैरिस की टीम का कहना है कि अगस्त माह के अंत में उनके पास 40 .4 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि थी जोकि ट्रम्प के प्रचार अभियान दल द्वारा अगस्त के अंत में घोषित धनराशि से करीब 10 .9 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। हैरिस के इस कोष का उपयोग चुनाव अभियान के अंतिम दो महीनों में मीडिया अभियान को वित्त पोषित करने तथा चुनावी प्रतिद्वंद्विता वाले राज्यों में स्थापित 310 चुनावी कार्यलयों में कार्यरत दो हजार से अधिक कर्मचारियों को भुगतान करने में किया जा रहा है। राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों के प्रचार अभियानों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में संघीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई पूरी जानकारी शामिल नहीं है जो इस महीने के अंत में आएगी।



## ऑफ बीट

### इस साल गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड सबसे अधिक तपिश महसूस

वर्ष 2024 में गर्मी के मौसम में सबसे अधिक तपिश महसूस की गई जिससे यह साल सबसे अधिक गर्म साल रहने की संभावना बढ़ गई है। यूरोपीय जलवायु सेवा 'कॉपरनिकस' ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस साल टूटे रिकॉर्ड पिछले साल ही बने थे जब मानव-जनित जलवायु परिवर्तन एवं अल नीनो के प्रभाव के कारण तापमान चरम स्तर पर पहुंच गया था। 'कॉपरनिकस' के अनुसार, जून, जुलाई और अगस्त को उत्तरी मौसम विज्ञान ग्रीष्मकालीन समय कहा जाता है और इस दौरान औसत (न्यूनतम) तापमान 16 .8 डिग्री सेल्सियस रहा जो 2023 के रिकॉर्ड से 0 .03 डिग्री अधिक है। 'कॉपरनिकस' के पास 1940 से आंकड़े उपलब्ध हैं जबकि अमेरिकी, ब्रिटिश और जापानी जलवायु सेवाओं के पास 19वीं शताब्दी के मध्य से आंकड़े उपलब्ध हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, आंकड़े यह दिखाते हैं कि पिछला दशक सबसे गर्म रहा, संभवतः यह 1,20,000 वर्षों में सबसे अधिक गर्म दशक रहा। 'कॉपरनिकस' के निदेशक कार्लो ब्यूनटेंपो ने कहा कि 2024 और 2023 दोनों ही वर्षों में अगस्त के महीने में 16 .82 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।



## ट्रेंड

### जल संरक्षण अभियान

भारत में जनभागीदारी और जनआंदोलन से जल संरक्षण और प्रकृति संरक्षण का अनूठा अभियान चल रहा है। आज सूरत में 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ कर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### मानवता कलंकित हुई

उज्जैन में दिनदहाड़े फुटपाथ पर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना अत्यंत भयावह है। आज पूरा देश सन्न है कि हमारा समाज किस ओर जा रहा है? खबरों के मुताबिक, रास्ते से गुजर रहे लोग महिला को बचाने की जगह वीडियो बना रहे थे। ऐसी घटना से मानवता कलंकित हुई है।
-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव



### रेलवे की आभारी

भारतीय रेलवे की सेवा मेरे जीवन का एक यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मैंने रेलवे सेवा से अपना त्यागपत्र रेलवे के सक्षम अधिकारियों को सौंप दिया है। मैं भारतीय रेलवे परिवार की सदैव आभारी रहूँगी।
-विनेश फौगाट, रेसलर



### पर्यावरण को स्वच्छ रखें

अमृता फड़नवीस और दिव्यज फाउंडेशन की एक अविश्वसनीय पहल! 'मी कचरा करनार नहीं' अभियान हम सभी को इस गणेश चतुर्थी पर अधिक जिम्मेदार और जागरूक होने की याद दिलाता है। आइए सुनिश्चित करें कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखें। -बोमन ईरानी, अभिनेता



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट' का मामला

# सेबी अध्यक्ष बुच की मुश्किलें बढ़ीं, पीएसी कर सकती है तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सेबी अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद कांग्रेस पार्टी ने 'ऑफिस ऑफ प्रोफिट' का मामला उठाते हुए एक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस किए। फिर सेबी के अधिकारियों ने उनके रवैये के खिलाफ हल्ला बोला हुआ है। अब संसद की पब्लिक अकाउंट कमेटी, पीएसी मार्केट रेगुलेटर सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच को समन जारी करने की तैयारी में है। उच्चाधिकार प्राप्त संसदीय समिति, पीएसी के इस कदम का उद्देश्य रेगुलेटरी संस्थान के परफॉरमेंस को रिव्यू करना होगा। पीएसी ने घोषणा की है कि वह 2024-25 सेशन के लिए मुख्य फोकस के रूप में संसद के अधिनियम के आधार पर स्थापित रेग्युलेटरी बॉडीज के परफॉरमेंस को रिव्यू करेगी। इस रिव्यू में बुच के सेबी अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों की जांच भी की जाएगी। इस मामले में वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालयों के अधिकारियों से पूछताछ करने की भी पीएसी की योजना है। बुच को सितंबर के अंत तक समिति के सामने पेश होने के लिए बुलाया जा सकता है।

### कांग्रेस ने उठाया मुद्दा

कांग्रेस इस मामले पर स्वतंत्र जांच की मांग कर रही है। 2 सितंबर को कांग्रेस ने बुच के खिलाफ हितों के टकराव का आरोप लगाया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी कहा था कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति के प्रमुख के तौर पर बुच की नियुक्ति पर सफाई दें। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि 2017 में जब से बुच ने सेबी का पद संभाला है, तब से वह सेबी से वेतन ले रही हैं और आईसीआईसीआई बैंक से भी वेतन लेती रही हैं। ये ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला है। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक ने सफाई देते हुए कहा कि उसने 31 अक्टूबर 2013 को बुच की रिटायरमेंट के बाद से उन्हें कोई सैलरी या ईएसओपी नहीं दिया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अदाणी मनी साइफनिंग घोटाले में इस्तेमाल किए गए ऑफशोर फंड में उनके और उनके पति की हिस्सेदारी थी।

छत्तीसगढ़ सहित देश के 18 राज्यों में भारी बारिश का एलर्ट

# राजस्थान में बारिश का 13 साल का रिकॉर्ड टूटा, आंध्र में 17 की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। पहाड़ी राज्यों सहित मध्य भारत के कई सूबों में हाल बेहाल है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में बारिश के 13 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इस मानसून सीजन, 1 जून से 5 सितंबर तक औसत 607.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि पूरे सीजन में 435.6 मिमी बारिश होती है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर शुक्रवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ का आधा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया। मौसम विभाग ने 7 सितंबर को कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वी राजस्थान, ओडिशा, असम, मेघालय में अतिभारी बारिश (12 सेमी) का अलर्ट है। उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, तटीय कर्नाटक सहित कुछ और राज्यों में भारी बारिश (7 सेमी) का अलर्ट है।

### उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ हाईवे करना पड़ा बंद


विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश
सीकर, राजस्थान

### विजयवाड़ा में हालात सबसे ज्यादा खराब

आंध्र प्रदेश में पिछले हफ्ते से लगातार भारी बारिश की वजह से कई जिलों में बाढ़ है। विजयवाड़ा में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां सड़कें और घर डूब गए हैं। राज्य में अब तक 17 लोगों की मौत हुई है। 6 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। बाढ़ के कारण 3,973 किमी सड़कें प्रभावित हुई हैं। केंद्र ने एनडीआरएफ की 30 टीमें और हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। सेना की भी मदद ली जा रही है।

### चौहान पहुंचे तेलंगाना, बाढ़ प्रभावितों से की मुलाकात

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तेलंगाना के मीनावलु, पेड्दागोपावरम, मन्नूनुर, कट्टलेरू बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की फसल क्षति का हवाई सर्वेक्षण किया और खम्मम व मुननेरु बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही, केन्द्रीय मंत्री ने खम्मम में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

### छत्तीसगढ़ में 9 सितंबर तक बारिश

छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। बस्तर संभाग में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी है। यहां 9 सितंबर तक बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को बीजापुर और जशपुर में बिजली गिरने से जवान सहित 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य में 1 जून से 5 सितंबर तक प्रदेश में 987.3 मिमी बारिश हो चुकी है। यह औसत से 1% ज्यादा है। राज्य में औसत 1139.4 मिमी बारिश होती है। इस सीजन में अब तक 86% पानी बरस चुका है। बारिश का कोटा पूरा होने के लिए करीब 150 मिमी पानी की जरूरत है।

उज्जैन की है घटना, वीडियो वायरल

# जबरन शराब पिलाई गई फिर बीच सड़क पर रेप

एजेंसी ▶▶| उज्जैन



मध्य प्रदेश के उज्जैन के आगर नाका क्षेत्र में कबाड़ बीनने वाली एक महिला को जबरन शराब पिलाकर सरेराह उससे कथित तौर पर बलात्कार करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने शहर के कोयला फाटक चौराहे के फुटपाथ पर महिला के साथ सरेआम रेप किया। किसी ने इस वारदात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति कबाड़ बीनने वाली महिला को शराब पिलाकर उसके साथ जबरन बलात्कार करता हुआ दिखाई दे रहा है। यह मामला उज्जैन के कोयला फाटक चौराहे का बताया जा रहा है। आरोपी ने दिनदहाड़े महिला के साथ घिनौना कृत्य किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी लोकेश घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गया। यह घटना तब सामने आई जब अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बनाया गया बलात्कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया घटना बुधवार 4 सितंबर की है। आरोपी लोकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कांग्रेस ने मोहन सरकार पर बोला हमला

जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी सरकार पर तीखे आरोप लगाना शुरू कर दिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर गिरते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर जुबानी हमला किया।

ट्राई के निशाने पर सोशल साइट

# वाट्सएप और टेलीग्राम पर एक्शन की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ट्राई की तरफ से स्पैम और फ्रॉड कॉल्स को रोकने के लिए लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं। इसको लेकर ट्राई की तरफ से टेलीकॉम कंपनियों को भी कहा गया था। हालांकि अभी ऐसी कॉल्स को रोकने पर लगातार काम चल रहा है। इस बीच टेलीकॉम रेगुलेटर ने आईटी मिनिस्ट्री को भी जोर दे दिया है। दरअसल ट्राई का कहना है कि अभी ऐसे बहुत सारे फ्रॉड हो रहे हैं जो व्हाट्सएप और टेलीग्राम की मदद से हो रहे हैं। ये सभी ओटीटी एप्स के दायरे में आते हैं और इन्हें रोकने के लिए आईटी मिनिस्ट्री को तुरंत कदम उठाना चाहिए। ओटीटी एप्स की बात करें तो ये सभी अभी आईटी मिनिस्ट्री के अंडर आते हैं। इस पर ट्राई की तरफ से कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है। क्योंकि ये एप्स ट्राई के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ट्राई की तरफ से भेजे गए पत्र में सभी चीजों की जानकारी दी गई है। साथ ही बताया गया है कि आखिर ऐसी कॉल्स की पहचान कैसे की जा सकती है।

# एग्जिट पोल नियंत्रित करने वाली याचिका हुई खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एग्जिट पोल को नियंत्रित करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे राजनीतिक हित याचिका करार देते हुए कहा कि देश में शासन चलने दें और चुनाव की गाथा को बंद करें। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बीएल जैन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि सरकार चुनी जा चुकी है। अब चुनाव के दौरान क्या होता है इसकी गाथा बंद करें और अब देश में शासन शुरू करें। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग इस मुद्दे को संभालने में सक्षम है और वह चुनाव आयोग को नहीं चला सकता। बीएल जैन ने जनहित याचिका में कई चुनाव-सर्वेक्षण एजेंसियों और समाचार चैनलों को पक्षकार बनाया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मीडिया घरानों और उनकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग की थी।

केन्या में हादसा

# स्कूल हॉस्टल में आग 17 स्टूडेंट्स की मौत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केन्या की राजधानी नैरोबी में एक स्कूल के हॉस्टल में आग लगने से 17 स्टूडेंट्स की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की भी आशंका है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओनयांगो ने कहा कि न्येरी काउंटी के हिलसाइड एंडाराशा प्राइमरी में गुरुवार रात आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम कारणों की जांच कर रहे हैं और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। केन्याई बोर्डिंग स्कूलों में आग लगना कोई असामान्य बात नहीं है, अक्सर ऐसी घटनाएं उन स्कूलों में होती हैं जहां छात्र अधिकतम समय तक पढ़ाई करने के लिए रुकते हैं। कुछ घटनाएं छात्र विरोध-प्रदर्शन से जुड़ी हुई हैं। उदाहरण के लिए, 2017 में भी नैरोबी के एक हाई स्कूल में आग लगने से 10 छात्रों की मौत हो गई थी।



## जैकेट के शेष

### सुमुख योग में ....

को गणेश पूजा के लिये ज्यादा उपयुक्त माना जाता है। शनिवार को गणपति बप्पा की पूजा और स्थापना का सबसे अच्छा मुहूर्त सुबह 11:03 से दोपहर 1:34 तक है। इस दौरान आप बप्पा की स्थापना घर में कर सकते हैं। इसके अलावा इसी दिन दोपहर 12:34 से लेकर अगले दिन सुबह 6:03 तक सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। रवि योग शुक्रवार सुबह 9:25 बजे से प्रारंभ हो चुका है, जो शनिवार को दोपहर 12:34 तक रहेगा। इसके अलावा शनिवार को 11:15 पर ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। इस शुभ योग का समापन रात 11 बजकर 17 मिनट पर होगा। इसके बाद इंद्र योग का संयोग बनेगा।

### सुबह का पूजन ....

बार सुमुख योग भी बन रहा है। एक साथ बन रहे इन मंगलकारी शुभ योगों में भगवान गणेश की पूजा करने से आय और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही भगवान गणेश की कृपा साधक पर बरसेगी।

### भद्रावास योग प्रातः .....

के दिन संध्याकाल 5 बजकर 37 मिनट पर भद्रावास का समापन होगा। इस दौरान भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। शास्त्रों में निहित है कि भद्रा के पाताल में रहने के दौरान पृथ्वी पर उपस्थित सभी जीवों का कल्याण होता है। इस शुभ योग में भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सकल दुख एवं कष्ट दूर हो जाएंगे।

### तृतीय मुहूर्त भी....

काल का मुहूर्त दोपहर 11.03 से 1.34 मिनट तक है, जिसे सबसे शुभ माना गया है। तीसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 1.53 से दोपहर 03.27 तक रहेगा। तीसरा मुहूर्त द्वितीय मुहूर्त के 19 मिनट बाद ही प्रारंभ हो जाएगा। गणेश पुराण के मुताबिक गणपति का जन्म चतुर्थी तिथि और चित्रा नक्षत्र में मध्याह्न काल, यानी दिन के दूसरे पहर में हुआ था। 7 सितंबर को ये शुभ काल सुबह 11.20 बजे से शुरू हो रहा है, इसलिए मध्याह्न काल में स्थापना करना श्रेष्ठ है।

### शाह का ऐलान- ....

गया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

### संविलियन से छूटे ....

व्याख्याता (पंचायत एवं नगरीय निकाय) का संविलियन नहीं हो पाया था। अब शिक्षा विभाग ने इन बचे हुए शिक्षा कर्मियों के संविलयन के लिए प्रस्ताव मंगाए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालनालय को इस संबंध में तीन दिनों के अंदर जानकारी लोक शिक्षण विभाग के संचालनालय को देनी है।

**इसलिए नहीं हुआ था संविलियन :** पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने वर्ष 2018 के अंत में राज्य के करीब 1 लाख 80 हजार शिक्षा कर्मियों के संविलियन को मंजूरी दी थी। लेकिन इस प्रक्रिया के बीच उन शिक्षा कर्मियों का संविलियन नहीं हो राया था जिनके विरुद्ध न्यायलयीन प्रकरण लंबित थे, कई लंबे समय से कार्य पर अनुपस्थित थे, कुछ को अलग-अलग कारणों से निलंबित थे। अब लोक शिक्षण संचालनालय ने ऐसे शिक्षा कर्मियों का संविलियन करने की तैयारी की है।

### प्रस्ताव में शामिल ....

पूर्ण होने की तिथि, अब तक संविलियन न होने का कारण, संविलिय न होने का कारण बने प्रकरण का निराकरण हुआ है या लंबित है। इसके साथ ही निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का अभिमत और अनुशंसा भी मांगी गई है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने सभी संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी कर संविलयन से बचे शिक्षाकर्मियों के संबंध में तीन दिनों में जानकारी देने कहा है।

## पेज एक के शेष

### ऐसा पहली बार, पहले...

सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। प्रथम चरण में 475 सीटें आवंटित की गई हैं, जिसमें 340 सीटों पर प्रवेश हुआ है। पिछली बार की तरह इस बार सभी सीटों में एडमिशन के लिए स्ट्रे राउंड की संभावना कम है। राज्य में इस बार दो नए मेडिकल कालेज के माध्यम से ढाई सौ सीटों का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि नए कालेज होने के बाद भी दोनों कालेजों में 40 फीसदी से अधिक सीटों पर एडमिशन पूरा हुआ है। काउंसिलिंग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पहले प्राइवेट कालेजों में एडमिशन के लिए मॉपअप और स्ट्रे राउंड का सहारा लेना पड़ता था। इस बार सभी सीटों में एडमिशन मॉपअप तक पूरा होने की उम्मीद है। सरकारी की तुलना में निजी कालेजों की फीस दस गुना ज्यादा है। इसके बाद भी विद्यार्थियों ने मौका गंवाना उचित नहीं समझा और कुछ को छोड़कर बाकी ने आवंटित सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली। राज्य में अभी पांच निजी मेडिकल कालेजों में एडमिशन पूरा किया जा रहा है इसमें कुल 700 सीटें हैं, जिसमें 299 सीटें राज्य कोटे और शेष प्रबंधन और एनआरआई कोटे की है।

### सरकारी कालेजों की...

और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली। इस तरह पहले राउंड की 94 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया। सबसे ज्यादा 158 प्रवेश जीएमसी रायपुर, सीएमसी दुर्ग में 150, सिम्स में 115, राजनांदगांव में 99, जगदलपुर तथा कांकेर में 98, रायगढ़ में 78, महासमुंद में 97, अंबिकापुर में 96 तथा शासकीय मेडिकल कालेज कोरबा में 99 सीटों पर प्रवेश पूरा हुआ है।

### आकाशीय बिजली की...

व एस शहुअट आलम निवासी साहिबगंज झारखंड आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों द्वारा उनकी जांच के बाद मौत होने की पुष्टि की गई।

### गर्भवती महिला को नगर...

आया है। जहां गंगालुर क्षेत्र के चोखनपाल की रहने वाली गर्भवती महिला चिंता वडे प्रसव पीड़ा से कराह रही थी, उसे गंगालुर स्वास्थ्य केंद्र लाया जाना था, किंतु कामनाघाट में मिंगाचल नदी का जलस्तर बढ़ने से इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग ने नगर सेना को दी। सूचना के आधार पर नगर सेना की रेस्क्यू टीम को ग्राम रेड्डी भेजा गया। जहां से गर्भवती महिला चिंता वडे को लाइफ सपोर्ट बोट के जरिये उफनती नदी पार करा कर गंगालुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### हत्या के बाद शव दफनाकर...

**क्या आरोपियों पर होगी बुलडोजर कार्रवाई : अमरजीत :** आदिवासी युवक की हत्या को लेकर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने आदिवासी समाज की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री जो स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस मामले में न्याय हो। क्या सरकार आरोपियों के खिलाफ कठोर कदम उठाएगी और क्या उनके घरों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की जाएगी, जैसा कि अन्य मामलों में देखा गया है।

**चल रही है जांच :** इस मामले में पहले से अपहरण का मामला दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद चार संदेहियों को हिरासत में लिया है। मृतक का शव कंकाल बरामद किया गया है। इस मामले की जांच अभी चल रही है। शेष आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**- अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

### निर्माण सामग्री की चोरी से ...

संदीप लकड़ा को फरार मान रही थी। इधर मृतक के परिजन व समाज के लोग लगातार उसकी हत्या किए जाने की बात कह रहे थे। अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जब भी अभिषेक से पूछताछ की तो उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए बता दिया कि संदीप लकड़ा ही चोर है और फरार है। मृतक के फरार होने की जानकारी परिजन को है।

बता दें कि सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलजोरा निवासी 28 वर्षीय दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा आ. शीतलाल राजमिस्त्री का काम करता था। युवक ठेकेदार अभिषेक पांडेय व अन्य के अधीन रहकर उलकिया में स्थित हाईस्कूल भवन निर्माण में काम कर रहा था। युवक 7 जून को रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। मृतक की पत्नी व परिजन का आरोप है कि मृतक संदीप लकड़ा 7 जून को काम करने जाने बोलकर निकला था। इसके बाद प्रत्युष पांडेय उसे खोज रहा था।

### मोबाइल कॉल के लोकेशन ने ...

आरोपियों का ही कोई साथी मृतक के मोबाइल को लेकर घूम रहा है और समय समय पर पुलिस को उलझाने के लिए मोबाइल फोन चालू करता है ताकि पुलिस व मृतक के परिजन को लगे कि मृतक अभी भी जिन्दा है।

## अब तक 600 लोगों को दिया गया ऑटोमेटिक राइफल चलाने का प्रशिक्षण

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से दो-दो हाथ करने को तैयार 'विलेज डिफेंस गार्ड'



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में जारी आतंकवादी हमलों के बीच सेना जमीनी स्तर पर एक मजबूत सुरक्षा तंत्र तैयार करने में जुटी हुई है। इसके तहत अब तक 600 'विलेज डिफेंस गार्ड' (वीडीजी) को ऑटोमेटिक राइफल चलाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें 500 लोग राजौरी से और बाकी करीब 100 लोग डोडा और किश्तवाड़ क्षेत्र से शामिल हैं। प्रशिक्षण से यह लोग आतंकवादी हमले या सैन्य अभियान के दौरान अपनी और अपने गांव की सुरक्षा कर सकेंगे। सेना ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर उसने डिफेंस गार्ड को प्रशिक्षण देकर स्थानीय समुदाय की सुरक्षा को मजबूत बनाने के कदम की शुरुआत की थी। 600 और डिफेंस गार्ड प्रशिक्षण ले रहे हैं। बताते चलें कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस का यह अभियान बीते दिनों आतंकियों द्वारा स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या करने की घटनाओं में हुई बढ़ोतरी के मद्देनजर उठाया गया है।

### सैन्य यूनिटों में देते हैं 3 दिन का प्रशिक्षण

सेना के मुताबिक, केंद्रशासित प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में सैन्य यूनिटों के स्तर पर अधिकतम तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें ऑटोमेटिक राइफल को चलाने, हथियार को इस्तेमाल करने से पहले और बाद की प्रक्रिया और अन्य छोटी-मोटी गतिविधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। सैन्य यूनिट संबंधित गांव के आसपास ही हैं। जिससे वीडीजी को आवश्यकता पड़ने पर वास्तविक परिदृश्य को जहन में रखते हुए अपने कौशल का इस्तेमाल करने में आसानी हो। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उच्चस्तरीय बनाए रखने के लिए सेना की फॉर्मेशन अहम भूमिका निभा रही हैं। इसमें वह सरोल के कॉर्प्स बैटल स्कूल के इंस्ट्रक्टर और प्रशिक्षण सहायकों की अतिरिक्त सहायता ले रही है।

### दी जा रही लोडेड राइफल

प्रशिक्षण के अलावा सेना द्वारा विलेज डिफेंस गार्ड को स्वचालित राइफल्स (एसएलआर) भी दी जा रही हैं। यह सेना के आयुध डिपो और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक समन्वित प्रयास है। यह राइफल विलेज डिफेंस गार्ड के लिए एक अहम बेहद अहम हथियार है। जो उन्हें अपनी और अपने इलाके की रक्षा के लिए जागरूक बना रहा है।

## भारत और मालदीव के बीच हुई रक्षा सहयोग संवाद की पांचवीं बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन के बढ़ते आक्रामक तेवरों के बीच शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत और मालदीव के बीच रक्षा सहयोग संवाद की पांचवीं बैठक हुई। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने की और मालदीव के दल का नेतृत्व राष्ट्रीय रक्षा बल के प्रमुख जनरल इब्राहिम हिल्मी ने किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस पूरी बैठक के दौरान वार्ता काफी उत्पादक रही। इसमें भविष्य में दोनों देशों के साझा हितों और आईओआर में स्थिरता और समृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा इस बैठक ने दोनों पक्षों को द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा करने का एक अवसर प्रदान किया।

इसमें वर्तमान में जारी कुछ रक्षा सहयोग परियोजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन के मामले पर भी चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत से पहले मालदीव के सशस्त्र बल प्रमुख ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद उन्होंने साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रांगण में गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया।

### जयशंकर की यात्रा के बाद हुई बैठक

यहां बता दें कि भारत और मालदीव के बीच यह बैठक विदेश मंत्री एस.जयशंकर के मालदीव दौरे के करीब एक महीने के अंदर हुई है। उन्होंने पिछले महीने 11 अगस्त को मालदीव की पहली यात्रा की थी। पिछले साल नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु के कार्यभार संभालने के बाद की गई भारतीय विदेश मंत्री की यह पहली मालदीव यात्रा थी। इससे पहले हालांकि राष्ट्रपति मुइज्जु जून-2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा कर चुके थे। आमतौर पर मुइज्जु को चीन का समर्थक माना जाता है और अपना कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने मालदीव से भारत की सेना को पूरी तरह से हटाने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव आ गया था। फिलहाल मालदीव में तैनात करीब 90 भारतीय सैनिकों की स्वदेश वापसी हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में भारत और मालदीव ने साझा हितों से जुड़े हुए कुछ अन्य विषयों जैसे उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और क्षमता विकास परियोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

## भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच संपन्न हुआ 'वरुण' युद्धाभ्यास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

मौजूदा चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच भारत और फ्रांस की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय वरुण युद्धाभ्यास-2024 को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। इस वर्ष इसका 22 वां संस्करण था। जिसका आयोजन फ्रांस की नौसेना ने भूमध्य सागर में किया था। भारतीय नौसेना का अग्रिम पंक्ति का जंगी स्टेल्थ युद्धपोत आईएनएस तबर और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई युद्धाभ्यास में शामिल हुआ। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि कैप्टन एमआर हरीश की अगुवाई में तबर युद्धपोत पिछले महीने 29 अगस्त से 1 सितंबर तक फ्रांस यात्रा के तहत टूलॉन बंदरगाह शहर पहुंचा था।

## पाक की हिमाकत, जूनागढ़ को बताया अपना हिस्सा

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

दुनियाभर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कुख्यात पाकिस्तान ने गुजरात में स्थित जूनागढ़ को लेकर नई हिमाकत की है। उसने जूनागढ़ को पाकिस्तान का हिस्सा बताते हुए कहा है कि भारत ने उस पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।



जियो टीवी के अनुसार, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने जूनागढ़ को लेकर यह बयान दिया है। मुमताज जहरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जूनागढ़ के संबंध में पाकिस्तान का नीतिगत बयान हमेशा से ही साफ रहा है। उन्होंने कहा, ''जूनागढ़ को पाकिस्तान में मिला लिया गया था। पाकिस्तान इस मामले को ऐतिहासिक और कानूनी परिप्रेक्ष्य में देखता है। जूनागढ़ पाकिस्तान का हिस्सा था और भारत का उस पर अवैध कब्जा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन है।"मुमताज ने आगे कहा कि पाकिस्तान हमेशा ही राजनीतिक और कूटनीतिक मंचों पर जूनागढ़ के मुद्दों को उठाता रहा है। वह इसका शांतिपूर्ण समाधान चाहता है।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ।
–: ई– अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना :–
ई– अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या :– 21/2024-25/EE/RWD/SRK दिनांक 06.09.2024

1.कार्य का नाम

| क्र.सं. | ID No. / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ SERAIKELA-KHARSAWAN /STPKG-06 /2024-25. | चाण्डिल | चौका काण्ड्रा रोड़ पालगम से रायडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई– 2.60 कि0मी0) | 13,93,93,422.00 | तेरह करोड़ तिरानवे लाख तिरानवे हजार चार सौ बाईस रू0 मात्र। | 18 माह | 2nd Call |
| | | चाण्डिल | काशीडीह मोड़ से मिरूडीह भाया सिंगाती तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई– 2.00 कि0मी0) | | | | |
| | | ईचागढ़ | बड़ा आमड़ा से तिलका माझी चौक सिदडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई– 2.30 कि0मी0) | | | | |
| | | चाण्डिल | चाण्डिल काण्ड्रा रोड़ से चैनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 1.71 कि0मी0) | | | | |
| | | कुकडु | कुकडु चौड़ा पथ से शोभा नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 2.917 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | एन0एच0– 32 से रावतारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 1.529 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड़(मांझीडीह मोड़) से बामनी पुलिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 1.80 कि0मी0) | | | | |
| | | चाण्डिल | एन0एच0– 32 बाबनडीह से मानीकुई स्टेशन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 1.50 कि0मी0) | | | | |
| | | चाण्डिल | एन.एच.– 32 मठिया रोड़ से अस्पताल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 2.085 कि0मी0) | | | | |
| | | चाण्डिल | एन0एच.–33 सिटी इन अस्पताल से ब्रहमानन्द अस्पताल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 1.70 कि0मी0) | | | | |
| 2. | RWD/ SERAIKELA-KHARSAWAN/STPKG-04/2024-25. | राजनगर | बड़ा कुनबिड़ा से बड़ामतलिया एप्रोच रोड़ भाया सोसोडीह, खैरबनी गंगरोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई– 4.40 कि0मी0) | 5,37,22,900.00 | पाँच करोड़ सैंतीस लाख बाईस हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 18 माह | 3rd Call |
| | | गम्हरिया | हरिभंजा से पालुबेड़ा होते हुए बिश्रामपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–3.30 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.09.2024 को अपराह्न 03:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला –खरसावाँ।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 7209661815

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtender.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ।

PR 335078 Rural Work Department(24-25)D


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## इंडियन नेवी ज्वॉइन करने का शानदार मौका

# 250 पदों के लिए मंगाए आवेदन 14 सितंबर से करें अप्लाई


**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना ज्वॉइन करना चाहते हैं और जरूरी योग्यता भी रखते हैं तो ये मौका हाथ से जाने न दें. इंडियन नेवी ने शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत 250 अलग-अलग पदों पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। वे कैंडिडेट्स जो इन भर्तियों के लिए फॉर्म भरना चाहते हों, वे रजिस्ट्रेशन लिंक खुलने के बाद अप्लाई कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट का पता ज्वाइनइंडियननेवीडॉटजीओवीडॉटइन है। इंडियन नेवी के इन पदों पर आवेदन अभी नहीं शुरू हुए हैं। अप्लाई करने के लिए लिंक खुलेगा 14 सितंबर 2024 के दिन और फॉर्म भरने की आखिरी तारीख है 29 सितंबर 2024। इस समय सीमा के अंदर ही बताए गए प्रारूप में फॉर्म भर दें।

**केवल ऑनलाइन करना है अप्लाई :** भारतीय नौसेना, शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत निकले इन पदों पर आवेदन केवल ऑनलाइन किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए आपको इंडियन नेवी के ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा जिसका पता है - ज्वाइनइंडियननेवीडॉटजीओवीडॉटइनडॉट इस वेबसाइट से आप न केवल आवेदन कर सकते हैं बल्कि इन भर्तियों के बारे में डिटेल भी जान सकते हैं और आगे के अपडेट भी पता कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन करने के लिए जरूरी है कि कैंडिडेट ने किस मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीई, बीटेक, एमएससी, एमसीए या एमबीए की डिग्री ली हो।

## शब्द पहेली - 5625



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

### शब्द पहेली -5624 का हल



## सूडोकु नवताल- 5636

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5635 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# मंदिर में चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



.हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

पुलिस अनुविभाग कुरुद अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। ग्राम नवागांव राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर और कुरूद के शीतला माता मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी किए गए चांदी के आभूषण और नकदी रकम को बरामद किया है।

■ राजिम के कुलेश्वर महादेव व कुरूद के शीतला मंदिर में दिया था वारदात को अंजाम

मगरलोड विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवागांव राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में हाल ही में दानपेटी की चोरी की सूचना मिली थी। मंदिर प्रबंधन द्वारा करेली बड़ी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद पुलिस ने शिव कुमार कुर्रे 20 वर्ष ग्राम चन्दना निवासी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मंदिर में चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर कुरूद के शीतला माता मंदिर में भी चोरी की घटना सामने आई थी। आरोपी ने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। कुरूद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय निवासी तोरण ढीढी उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने शीतला माता मंदिर में चोरी करने की बात स्वीकार की।

# सेक्टर-2 के गणेश पंडाल में करंट लगने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

करंट लगने से पंडाल में टैंकर लेकर पानी देने पहुंचे चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक पाटन निवासी संतोष साहू सेक्टर 2 स्थित न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति में पानी टैंकर लेकर शुक्रवार को गया हुआ था। जहां संतोष मोटर को टैंकर में डालकर पानी सप्लाई कर रहा था। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मोटर पम्प से फिश पॉन्ड में पानी भरने के दौरान हादसा होना बताया गया है। हादसे के बाद संतोष साहू के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों का भी आरोप है कि करंट से उसकी मौत हुई है। पुलिस के समझाइश के बाद भी गणेश पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का अभाव दिख रहा है। सेक्टर 2 में काफी बड़े रुप में पंडाल को भव्य रुप दिया जाता है। लेकिन इस हादसे ने पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। टैंकर चालक के शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं समिति के अध्यक्ष श्रीणु राव और महासचिव राजू ने बताया कि हम दोनों कार्ड बांटने के लिए रायपुर आए हैं। टैंकर चालक की मौत के बारे में कोई भी जानकारी नहीं होने की बात बताई है।

# खेत में लगे सोलर सिस्टम के सामानों की चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद**। खेत में लगे सोलर सिस्टम के सामान की चोरी के मामले में महासमुंद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी हुए सामानों को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भरत लाल साहू पिता पुनीत राम साहू निवासी ग्राम साराडीह महासमुंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके खेत से अज्ञात चोर के द्वारा सोलर सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर उसमें लगे एल्युमीनियम पट्टी एवं लोहे का एंगल कीमत करीब 90000 रुपए को चोरी कर लिया गया था। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303(2), 324(4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी ज्ञानेश्वर ढीढी पिता रेशम लाल ढीढी (24 वर्ष) निवासी साराडीह एवं चम्मन ढीढी (19 वर्ष) निवासी साराडीह के द्वारा चोरी किया जाना पाया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी हुए सभी सामानों को बरामद किया गया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की गई जान

**अंडा**। दुर्ग से बालोद रोड पर थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत अटल चौक में 6 सिंतम्बर के सुबह 8 बजे अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे युवक को अपने चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। युवक को वाहन ने पूरा अपने कब्जे में ले लिया था, जिससे शरीर क्षत- विक्षत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। थाना अंडा प्रभारी डा. भानुप्रताप साव के मार्गदर्शन से एस आई सुन्दर लाल नेताम घटनास्थल में पहुंचकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा। बताया जा रहा है कि ग्राम चिंगरी निवासी सुर्यकांत सूर्यवंशी पिता महेश सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष अपने घर से सुबह घूमने के लिए निकला था। उसके दादा का 6 सिंतबर को दशगात्र कार्यक्रम था। जिस घर में दशगात्र था, उसी घर से नाती की भी अर्थी निकली तो पूरा गांव में शोक व्याप्त हो गया।

# चावल के साथ ले जा रहे 3 क्विंटल गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से रींवा-मध्यप्रदेश गांजा ले जा रहे दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों ने चावल की बोरियों के बीच में 45 लाख का गांजा छिपाकर रखा था। पुलिस ने गांजा सहित चावल की बोरी, तस्करी में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल और 20 हजार रुपए नकद जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है।जानकारी के अनुसार 5 सितंबर को कोमाखान पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक आईसर ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 3815 के डाला में चावल (कनकी) की बोरियों के नीचे छिपाकर गांजा लेकर ओडिशा से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 टेमरी नाका के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद ओडिशा की ओर से मुखबिर के बताए अनुसार ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे रोका गया। ट्रक में दो व्यक्ति सवार थे।

# 3 सक्रिय नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

**बीजापुर**। सुरक्षाबल के जवानों की संयुक्त कार्रवाई में 3 सक्रिय नक्सलियों को सारकेगुड़ा व पेगड़ापल्ली के बीच जंगलों से विस्फोटक के साथ पकड़ा गया हैं। जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद बासागुड़ा थाना, डीआरजी व कोबरा 210 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई। अभियान के दौरान सारकेगुड़ा व पेगड़ापल्ली के बीच जंगलों से 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर जनमिलिशिया सदस्य कुड़ामी सोमलू पिता देवा उम्र 30 निवासी आउटपल्ली, मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर लिंगु सेमला उर्फ लिंगा पिता रामा सेमला उम्र 26 निवासी कोरसागुड़ा व आरपीसी अध्यक्ष सोमलू कड़ती पिता स्व. कड़ती भीमा उम्र 50 निवासी सुकनपल्ली बताया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/15/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग अंतर्गत ग्राम हेसलबार में पुल निर्माण। | 58216000 | 1164400 | 10,000 | 24 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड बारियातु पंचायत साल्वे अन्तर्गत ग्राम जबरा में धोबनी नदी में पुल निर्माण। | 54296600 | 1086000 | 10,000 | 24 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड चंदवा पंचायत चेटर अन्तर्गत पीपरापानी नदी पर पुल निर्माण। | 29806900 | 596200 | 10,000 | 18 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नेवाड़ी अंतर्गत ग्राम सोहदाग में ततहसा नदी पर पुल निर्माण। | 38462400 | 769300 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 334966 Rural Development(24-25)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, देवघर।

### ई–अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या:- **07/RI/2024-25/RWD/EE/DEOGHAR** दिनांक :- **06.09.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| RWD/EE/DEOGHAR/STPKG/04/2024-25 | 1 | साप्तर पी0ड ब्लु0डी0 मुख्य पथ से जलैया होते हुए पी0डब्लु0डी0 मुख्य पथ तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–3.700 कि.मी.) | 14,12,58,500.00 | चौदह करोड़ बारह लाख अनठावन हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 15 महीना | प्रथम |
| | 2 | पी0डब्लु0डी0 मुख्य पथ से बदिया होते हुए कल याणपुर बुढ़ीबगीचा तक पथ का सुदृढी करण कार्य। (लं0–4.100 कि.मी.) | | | | |
| | 3 | पी0डब्लु0डी0 पथ पिपरा से जयंती नदी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–4.350 कि.मी.) | | | | |
| | 4 | मधुपुर लहरजोरी मुख्य पथ से बोगैया होते हुए चेतनारी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–4.920 कि.मी.) | | | | |
| | 5 | पी0डब्लु0डी0 पथ उ धोडीह से टटकजोरी भाया बेहरापहाड़ी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–3.490 कि.मी.) | | | | |
| | 6 | चरघरा से घसको तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–1.200 कि.मी.) | | | | |
| | 7 | जमा से जोगीडीह चरपा तक पथ का सु दृढीकरण कार्य। (लं0–3.320 कि.मी.) | | | | |
| | 8 | नावाडीह पी0डब्लु0डी0 पथ से स ाहु टोला चेतनारी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–4.256 कि.मी.) | | | | |
| | 9 | बनसीमी चौक से कासीटॉड़ तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–2.00 कि.मी.) | | | | |

(1). बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.09.2024
(2). ई0 निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि – 18.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक
(3). निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 19.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
(4).निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रा0 कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, देवघर।

PR 335033 Deoghar(24-25)D





# एक हफ्ते में खुल जाएंगे सारे राज



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' के शानदार ट्रेलर ने सभी को इंप्रेस किया है। इतना ही नहीं इसने सभी को इस मिस्ट्री थ्रिलर की दुनिया की एक झलक दी है। इसके रिलीज होने में सिर्फ एक हफ्ता बाकी है, और इसका नया पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें करीना कपूर खान गंभीर और दिलचस्प लुक में नजर आ रही हैं। फिल्म की टीम ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, "डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बाकी। एकता कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा है, 'डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बा की #TheBuckingham Murders'। द बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर खान की प्रोड्यूसर के रूप में पहली फिल्म है, और लगता है कि वह एक दिलचस्प और रहस्यमय कहानी स्क्रीन पर ले कर आ रही हैं। यह फिल्म एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और पार्टनरशिप है। इससे पहले वे 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इस फिल्म के साथ वे मिस्ट्री थ्रिलर जॉनर में अपनी जबरदस्त मौजूदगी दर्ज कराने जा रही हैं। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं। ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स का प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट की गई है। फिल्म को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार प्रोड्यूसर बन रहीं करीना कपूर खान ने प्रोड्यूस किया है।

## कमल हसन ने यूएस के कॉलेज में लिया एडमिशन

मुंबई। कमल हासन ने 69 साल की उम्र में मोटिवेट करने वाला काम किया है। नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी हासिल करने की उत्सुकता की वजह से वे कुछ दिनों के लिए यूएस जा रहा। कमल हासन ने अमेरिका के एक टॉप कॉलेज में एडमिशन लिया है। वह वहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का क्रैश कोर्स करेंगे। यूं तो ये क्रैश कोर्स 90 दिनों का है, लेकिन वर्क कमिटमेंट के चलते कमल हासन 45 दिनों में ही वापस आ जाएंगे।

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व ब्लड को भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोक्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
फोन: +91-0771-4088107/108, OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता: शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय: सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# नई प्रेरणा लेकर आता है हर स्टोर : गौरी

नई दिल्ली। फैशन ब्रांड फाल्गुनी शेन पीकॉक ने गुरुवार को नई दिल्ली के द धन मिल में अपने प्रीवियर स्टोर का अनावरण किया। यह उद्घाटन और भी खास था, क्योंकि इस दिन ब्रांड की 20वीं वर्षगांठ थी और यह उसका प्रतीक बना। इस स्टोर को गौरी खान डिजाइन किया है।



गौरी खान ने पिछले कुछ सालों में कई हाई-एंड प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। उन्होंने बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में उनका डिजाइन सेंस विकसित हुआ है। गौरी ने कहा, 'हर प्रोजेक्ट के साथ मेरा डिजाइन सेंस हर दिन विकसित होता है, जो नई प्रेरणा और एक नया नजरिया लेकर आता है।'जब उनसे पूछा गया कि स्टोर बनाने के पीछे क्या था, तो गौरी ने कहा, 'फाल्गुनी और शेन के स्टोर को डिजाइन करना उनकी शैली को एक भौतिक स्थान में बदलने के बारे में था। हमारा उद्देश्य उनके लक्जरी प्रीटवियर लाइन को फिर से नए इंटीरियर के साथ दिखान था।'

# इन तीन फिल्मों का कर रहे निर्माण

मुंबई। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म 'लाहौर 1947' में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान भी



कैमियो रोल करते दिखाई दे सकते हैं। फिल्म 26 जनवरी 2025 पर रिलीज की जा सकती है। फिल्म का निर्माण आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस (आमिर खान प्रोडक्शन) के बैनर तले किया जा रहा है। इसकी अलावा आमिर तीन अन्य फिल्मों का भी निर्माण कर रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित फिल्म 'हैप्पी पटेल' में वीर दास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म पहले से ही पूरे जोरों पर है और गोवा के सुरम्य स्थानों में इसकी शूटिंग चल रही है। इस विचित्र कॉमेडी फिल्म को लेकर अटकलें थीं कि इसमें इमरान खान मुख्य भूमिका निभाएंगे लेकिन आमिर ने साफ कर दिया था कि फिल्म में वीर दास लीड कलाकार हैं।

# सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने पहुंचे रणवीर-दीपिका

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उनकी डिलीवरी डेट 28 सितंबर है, जिस जिन रणबीर कपूर का जन्मदिन होता है।



हालांकि कुछ कंफर्म नहीं है। अब रणवीर सिंह के साथ दीपिका पादुकोण सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची हैं। 6 सितंबर के दोपहर तीन बजे से गणेश चतुर्थी का समय शुरू हो गया है। ऐसे में कपल बच्चे बप्पा के दर्शन करने मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे हैं। इस दौरान जहां ऑफ व्हाइट कुर्ते-पायजामे में रणवीर सिंह नजर आए। वहीं, हरे रंग की बनारसी सिल्क साड़ी में दीपिका पादुकोण दिखाई दीं। इस दौरान वह दोनों नंगे पांव थे। पति का हाथ थामे हुई थीं। रास्ते में मिल रहे फैंस का वह अभिवादन भी कर रही थीं। हालांकि वह अकेले नहीं थीं। उनका पूरा परिवार साथ था। दोनों के मम्मी-पापा भी स्पॉट हुए हैं। दीपिका पादुकोण के चेहरे की रौनक और खुशी देख फैंस तो निहाल हुए ही।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर में, मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवतियों की आवश्यकता है,सैलरी- 7000/- फिक्स+ कमीशन के साथ 15000/- से 20,000 तक महीना कमायें। संपर्क करें:- पता आमापारा चौक रायुपर 8962274079. (RO-6473)

### हार्डवेयर दुकान कार्य

आवश्यकता है- हार्डवेयर एवं प्लाई दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है । समय,सैलरी फ़ोन में नहीं योग्यता अनुसार सामने मिलने के बाद बताई जाएगी,अस्थाई व्यक्ति संपर्क ना करे । कन्हैया सेल्स । पंजाबी गुरुद्वारा के पीछे,स्टेशन रोड,रायपुर। 9977107000.(RO-39031)

क्लासीफाईड

### लोडिंग/अनलोडिंग

आवश्यकता है- ऑफिस ब्वाय- 3 पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग, ऑटो चालक एवं सफाई कार्य हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 08109231385. (RO-35286)

### कुक/कैंटीन कार्य

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक तुरन्त संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरो नं - 6376)

### कुक

आवश्यकता है- खाना बनाने हेतु अनुभवी मेल एंव फिमेल कुक चाहिए। रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी। मों.- 9826136230.(RO-6474)

छोटा विज्ञापन

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019. (RO-2955)

### इंजीनियर/स्टोर कीपर

आवश्यकता है- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में सिविल एवं रेलवे निर्माण कार्य के एस्टीमेट, बिलिंग कार्य हेतु 5वर्ष अनुभवी सिविल इंजीनियर साईट सुपरवाईजर, स्टोर कीपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करे- 9644691124, 9425183302. (RO-35274)

### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- आटो पार्टस की पेकिंग हेतु मेहनती लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। पता-186, मॉडल टाउन शिवाजी चौक के पास, नेहरू नगर भिलाई फोन - 8770483120, 8103772795, वेतन 7000/- (आरो न.-575)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.(RO-2971)

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए लड़कों एवं सेल्स मेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6472)

### मार्केटिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव और प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है । मिलें. कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग. मो नं. 9575448836. (RO-1752)

### अकाउंटेंट/मुंशी

आवश्यकता है- बंसल इंडस्ट्रियल सेंटर में ऑफिस हेतु अनुभवी अकाउंटेंट महिला की आवश्यकता है जिसे मेल, टैली एव एक्स.एल. का अनुभव हो एवं कोटेशन फालोअप कर सके संपर्क भनपुरी बाजार करे 9303718899. (RO-2973)

आवश्यकता है- तखतपुर की राइस मिल में काम करने के लिए अनुभवी मशीन ऑपरेटर, मुंशी एवं फुल टाइम अकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8754507712, 7987309303. (RO-35289)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक चिकित्सक के लिये सुनहरा अवसर BAMS DOCTOR, एवं पंचकर्म थेरेपिस्ट 12 वी पास पुरूष व महिला की आवश्यकता है। 7 दिन की ट्रेनिंग दिया जायगा । वेतन - Bams Doctor - 15000-18000, थेरेपिस्ट - 5000- 8000 माधवबाग क्लिनिक बोरसी दुर्ग संपर्क - 7000836094, 7587094019.(आरो.-SPD/812)

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। 1. रिंग रोड नं 4 सरोरा, तेंदुआ के पास, बिलासपुर बाईपास रायपुर(RO-1754)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं सम्पर्क करें- 6265407472, 7224807472. (RO-35294)

### अन्य

आवश्यकता है- ( SAFE AND SECURE JOB ) Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406. (RO-441)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1330)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Property प्रापर्टी

### मकान

मकान बेचना है- दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008 (आरो न.-574)

### प्लाट

प्लॉट बेचना है- प्लॉट ही प्लॉट गैलेक्सी हाइट्स के आगे बोरसी दुर्ग में आवासीय प्लाट मात्र 850रूपए फिट में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध जल्द कीजिए सीमित प्लांट 9770047215, 6260058087.(आरो नं -280)

प्लॉट बेचना है- त्योहारी ऑफर प्लॉट ही प्लांट चंदखुरी से हनोदा मार्ग लगा हुआ आवासीय प्लांट 600 रूपए फिट में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्री, डायवर्सन, प्रमाणीकरण फ्री - 9770047215, 6260058087.(आरो नं -280)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस – राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841. (RO-2967)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

Healthcare
गुप्त रोगों का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद
• गुप्त रोग, नामर्दी
• लिंग में छोटापन।
• शीघ्र पतन
• पेशाब से धातु जाना।
• लिंग में ढीलापन,
• शुक्राणु की कमी।
• शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
• जड़ीबूटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
• चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9174440077, 9009330088

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
इन्द्री को लम्बा, मोटा कठोर बनायें मनचाहा
सैक्स टाईम बढ़ायें।
नसों की कमजोरी, नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक आयुर्वेदिक दवाई
घर बैठे मंगाये।
07384305972

आज से गणपति पूजा के साथ गणेश महोत्सव शुरू

# विदेशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है गणेश उत्सव

**वॉशिंगटन।** दुनिया के हर कोने में रहने वाले भारतीयों की तरह गणेश चतुर्थी को विदेशों में भी उतने ही उत्साह से मनाया जाता है। कनाडा, मॉरीशस, थाईलैंड, सिंगापुर, कंबोडिया, बर्मा, अमेरिका, ब्रिटेन और फिजी जैसे देश भी इस उत्सव में शामिल होते हैं, यहाँ तक कि कई देश इस दिन सार्वजनिक अवकाश भी रखते हैं!

## हिंदू समाज मिलजुलकर मनाता है पर्व



अमेरिका में सबसे महत्वपूर्ण समारोह इलिनोइस में स्थित हिंदू समाज साईं संस्थान में मनाया जाता है। इस भव्य गणेश उत्सव में भाग लेने के लिए हजारों लोग दूसरे शहरों से इलिनोइस आते हैं। फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क जैसे दूसरे राज्यों में भी



छोटे-छोटे समारोह आयोजित किए जाते हैं। यूके में अन्य समारोहः गणेश चतुर्थी लीसेस्टर, बर्मिंघम, कार्डिफ़ और मैनचेस्टर में भी मनाई जाती है। ये कार्यक्रम स्थानीय भारतीय समुदायों या प्रमुख हिंदू मंदिरों द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

## ब्रिटेन में गणेश महोत्सव



हाउंसलो गणेश मंडल - हाउंसलो निवासी दो दिनों तक पर्यावरण अनुकूल मूर्ति के साथ गणेश चतुर्थी मनाते हैं। पहले दिन पारंपरिक पूजा, फैंसी ड्रेस परेड, रंगोली प्रतियोगिता और डीजे पार्टी होती है।

### श्री गणेश को दुनिया के कई देशों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है

**कंबोडिया :-** 7वीं शताब्दी से प्रमुख देवता के रूप में पूजे जाने वाले गणेश को हाथी के सिर और मानव शरीर के साथ दर्शाया जाता है, जो भारत में उनकी व्यापक लोकप्रियता से पहले का है।

**थाईलैंड :** फ्रा फिकानेट या फ्रा फिकानेसुआन के नाम से प्रसिद्ध गणेश को सौभाग्य और सफलता लाने के लिए पूजा जाता है। चाचोएंगसाओ अपनी विशाल गणेश प्रतिमाओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें सबसे ऊंचे बैठे और खड़े गणेश शामिल हैं।

**जापान :-** 8वीं शताब्दी में आए गणेश, जिन्हें कांगितेन के नाम से जाना जाता है, बौद्ध धर्म से जुड़े हैं और उन्हें दो शरीर वाली आकृति के रूप में दर्शाया गया है, जो व्यापारियों और अभिनेताओं सहित विभिन्न समूहों के लिए सौभाग्य का प्रतीक है।

**अफगानिस्तान :-** काबुल के निकट खोजी गई गरदेज गणेश प्रतिमा, जो 7वीं-8वीं शताब्दी ई. की है, भारत-अफगान शैली को दर्शाती है तथा तुर्कशाही काल की अन्य महत्वपूर्ण मूर्तियों के समकालीन है।

**तिब्बत :-** 11वीं शताब्दी में भारतीय बौद्ध नेताओं द्वारा प्रस्तुत गणेश, तिब्बती बौद्ध धर्म में एक पूजनीय व्यक्ति बन गए। किंवदंतियों के अनुसार उनका संबंध लामावाद की स्थापना और तिब्बती शासन की भविष्यवाणी से है।

# 70 छात्राओं को पुलिस बनकर ब्लैकमेलिंग

## जबलपुर गर्ल्स कॉलेज में अश्लील वीडियो कांड!

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर के एक सरकारी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के अश्लील वीडियो कांड से हड़कंप मच गया है। एक के बाद एक कई छात्राओं को फोन कॉल के जरिए ब्लैकमेल किया जा रहा है। अनजान नंबरों से आने वाले इन फोन कॉल के जरिए ब्लैकमेलर छात्राओं को उनके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकियां दे रहा है। पिछले करीब एक हफ्ते से छात्राओं को धमकी और ब्लैकमेल करने का सिलसिला लगातार चल रहा है। सबसे हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि सरकारी गर्ल्स कॉलेज की 70 छात्राओं को अश्लील वीडियो और फोटो भेजे जाने का खुलासा हुआ है। 50 से ज्यादा छात्राएं ब्लैकमेलर को पैसे दे चुकी हैं। हालांकि, इस पूरे मामले की शिकायत जबलपुर के साइबर सेल में करने के साथ ही पुलिस में भी लिखित आवेदन दिया गया है जिसमें शुरुआती दौर में दो छात्राओं के द्वारा ब्लैकमेलर को पैसे देने की बातें सामने आई है।

### ब्लैकमेलर को दिए हजारों रुपए

कॉलेज की प्रिंसिपल का कहना है कि कॉलेज की सूचनाओं और सर्कुलर छात्राओं तक पहुंचाने के लिए टेलीग्राम जैसे एप का सहारा लिया जाता है। ऐसे में यह अंदेशा भी जताया जा रहा है कि टेलीग्राम एप के जरिए ही छात्राओं के नंबर बाहर लीक हो रहे हैं। कई छात्राओं ने ब्लैकमेलर के झांसे में आकर हजारों की रकम भी उन्हें ट्रांसफर कर दी है।

## पीएम ने गुजरात में 'जल संचय, जन भागीदारी पहल' की शुरुआत की

# जल संरक्षण मानवता के भविष्य का सवाल, यह नीति ही नहीं, हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी

*पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आकलन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा रवैया शायद उनका पहला पैमाना होगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये गुजरात के सूरत में 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ किया। पीएम ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा हाल के दिनों में देश के हर कोने में वर्षा का जो तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा जिसको इस मुसीबत का सामना न करना पड़ा हो।

पीएम ने कहा कि जल संचय केवल एक नीति नहीं, ये एक प्रयास भी है और यूं कहें कि ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी है। आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आकलन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा रवैया शायद उनका पहला पैमाना होगा। क्योंकि ये केवल संसाधनों का प्रश्न नहीं है। ये प्रश्न जीवन का है, ये प्रश्न मानवता के भविष्य का है। इसलिए हमने टिकाऊ भविष्य के लिए जिन 9 संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल संरक्षण पहला संकल्प है।

जल संरक्षण टिकाऊ भविष्य के 9 संकल्पों में से एक

जल को हम ईश्वर और नदियों को देवी के रूप में देखते हैं

जागरूक जनमानस, जनभागीदारी और जनआंदोलन इस अभियान की बड़ी ताकत



### 24,800 वर्षा जल संचयन का हो रहा निर्माण

*पीएम ने कहा कि जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण ये हमारे लिए कोई नए शब्द नहीं है। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कहा गया है। नदियों को देवी माना गया है, सरोवरों और कुंडों को देवालय का दर्जा मिला है। सामुदायिक भागीदारी से राज्यभर में लगभग 24,800 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। ये पुनर्भरण संरचनाएं वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगी।*



### शिक्षक राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण सेवा दे रहे

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को शिक्षकों के साथ संवाद किया। पुरस्कार विजेता शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। पीएम ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। पीएम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सुना सकते हैं, ताकि छात्र दूसरी भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। पीएम ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें कुछ विशेष सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी।

## दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर नहीं बन पा रही सहमति

# हरियाणा में सिरे चढ़ते नहीं दिख रहा कांग्रेस और आप का गठबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। सूत्रों का कहना है कि दोनों पार्टियों के बीच सीटों को लेकर तालमेल नहीं बन पाया है। कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन न बन पाने की एक वजह हरियाणा के कांग्रेस नेता भी हैं जो राहुल गांधी की पहल को घाटे का सौदा मान रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा हों या रणदीप सिंह सुरजेवाला दोनों ने पार्टी हाईकमान को साफ तौर पर बता दिया है कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव अपने दम पर जीतने की ताकत रखती है और आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की जरूरत नहीं है। कहा जा रहा है कि आप रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने पर विचार कर रही है। वहीं शुक्रवार को कांग्रेस ने 71 सीटों पर अपने उम्मीदवार फाइनल कर दिये। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सीट बंटवारे पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं, जिससे गठबंधन पर बातचीत लगभग खत्म हो गई है। कयास लगाये जा रहे हैं कि आम आदमी पार्टी 50 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस द्वारा आप की मांगें नकारने के बाद गठबंधन की बातचीत पटरी से उतर गई।

**हुड्डा और सुरजेवाला गठबंधन के पक्ष में नहीं**

### आप मांग रही 10 सीट

आप हरियाणा में चुनाव लड़ने के लिए 10 सीटों की मांग कर रही थी, जिसे कांग्रेस पार्टी ने नकार दिया। पहले यह बताया गया था कि राहुल गांधी आप के साथ गठबंधन करने के इच्छुक थे क्योंकि आम चुनावों में उनके गठबंधन ने राज्य में भाजपा को एक और क्लीन स्वीप नहीं होने दिया था। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 9 सीटों पर जबकि आम आदमी पार्टी ने एक सीट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 5 सीटें जीतने में कामयाब रही। आप ने जिस एकमात्र सीट पर चुनाव लड़ा था वह हार गई। कहा यह भी जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को भी अपनी राय बता दी है। बताया जा रहा है कि आप दिल्ली और पंजाब बॉर्डर से लगती दस सीटों की मांग कर रही है जबकि हुड्डा का मानना है कि इन इलाकों में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है।

# शत्रु संपत्ति के रूप में परवेज मुशर्रफ की बागपत वाली जमीन 1.38 करोड़ में बिकी

एजेंसी ▶▶ बागपत

- 13 बीघा की भूमि बिकी एक करोड़ 38 लाख में

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और उनके परिवार का नामोनिशान बागपत से मिट गया। उत्तर प्रदेश के बागपत में पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के भाई और परिवार की जमीन नीलाम हो गई। 13 बीघा यह जमीन एक करोड़ 38 लाख 16 हजार रुपये में नीलाम हुई है। इसका आधार मूल्य 39 लाख 16 हजार रुपये रखा गया था। बता दें कि यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में मौजूद थी जिसे बेचा गया। शत्रु संपत्ति से तात्पर्य उन संपत्तियों से है जिन्हें भारत-चीन युद्ध (1962) और भारत-पाकिस्तान युद्ध (1965, 1971) के बाद चीन और पाकिस्तान चले गए लोगों ने छोड़ी थी। केंद्र सरकार के मुताबिक, देशभर में 12 हजार 611 संपत्तियां ऐसी हैं जिन्हें शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। शत्रु सम्पत्ति यानी 1947 में भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ थालोग पाकिस्तान चले गए।



# लैंगिक समावेशीकरण पर नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 19 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल



कुमार अभिनव ▶▶ काठमांडू

राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों में लैंगिक समावेशीकरण को मुख्यधारा में लाने के लिए काठमांडू में आयोजित हुए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार 5 सितंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नेपाल और एशिया प्रशांत मंच (एपीएफ) के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली द्वारा किया गया था। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ओली ने इस बात पर जोर दिया था कि मानवाधिकारों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का सम्मान करके 'समृद्ध नेपाल, खुशहाल नेपाली' की राष्ट्रीय आकांक्षा को साकार किया जा सकता है। तीन सितंबर 2024 को शुरू हुए इस सम्मेलन के दौरान सात सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।इसके अलावा, विशेषज्ञों द्वारा तीन वैचारिक पत्र प्रस्तुत किए गए थे।

### संवाद बढ़ाने में मददगार है यह सम्मेलन

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत के कार्यकारी अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने कहा कि एशिया–प्रशांत और दक्षिण एशियाई क्षेत्रों के लिए एनएचआरआई के बीच नियमित बैठकें, संयुक्त प्रशिक्षण और सहयोगी परियोजनाएं लैंगिक समानता को आगे बढ़ा सकती है। यह सम्मेलन एनएचआरआई के बीच संवाद को बढ़ावा देने, नवीन विचारों को साझा करने और नेटवर्क को मजबूत करने, वैश्विक स्तर पर लैंगिक असमानताओंको संबोधित करने में चल रही प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# भारत ने किया अंतर महाद्वीपीय अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर मौजूद सुरक्षा चुनौतियों के मध्य भारत ने शुक्रवार को परमाणु हथियारों से हमला करने में सक्षम अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का सफलता के साथ परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह परीक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में संचालित सामरिक बल कमांड के तत्वाधान में 6 सितंबर को ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। इस दौरान प्रक्षेपण ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। भारत ने अग्नि मिसाइल का यह परीक्षण बीते अगस्त के अंतिम सप्ताह में समुद्र के अंदर गहराई से परमाणु हथियारों के साथ दुश्मन पर सटीक हमला करने में सक्षम अरिघाट परमाणु पनडुब्बी के एसएफसी में तैनात किए जाने के तुरंत बाद किया है।

# टाइम की 100 लोगों की एआई 2024 सूची जारी मंत्री वैष्णव, नीलेकणि व अनिल कपूर के नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाइम मैगज़ीन ने एआई के मामले में सबसे प्रभावशाली 100 लोगों की सूची जारी की है। इस सूची में कई भारतीय नाम शामिल हैं। सूची में सबसे उल्लेखनीय नाम गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला का है। प्रमुख भारतीय हस्तियों में अश्विनी वैष्णव, नंदन नीलेकणि और अभिनेता अनिल कपूर के भी नाम हैं। अश्विनी वैष्णव के बारे में टाइम ने लिखा, "वैष्णव के नेतृत्व में, देश (भारत) अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए शीर्ष पांच देशों में से एक बनने की उम्मीद में है। यह आधुनिक एआई सिस्टम के लिए एक प्रमुख घटक है। इस सूची में प्रोटॉन के उत्पाद प्रमुख अनंत विजय सिंह और अमेज़न के आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख वैज्ञानिक रोहित प्रसाद भी शामिल हैं।



### अनिल का नाम इसलिए शामिल

अनिल कपूर का नाम भी इस सूची में शामिल है, क्योंकि टाइम ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने "सितंबर में नई दिल्ली उच्च न्यायालय में उनकी तस्वीर के अनधिकृत एआई उपयोग के मामले में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। अनिल कपूर की जीत ने अन्य लोगों के लिए भी अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की राह खोली है।"


## आयुष मंत्रालय

आयुष भवन"

"बी" ब्लाक, जी.पी.ओ. काम्प्लेक्स, / 'B' Block, GPO Complex,
आई. एन. ए., नई दिल्ली 110023 / INA, New Delhi-110023

वेबसाइटः www.ayush.gov.in.

एफ. सं. वाई.18011/7/2020-ईपी (III) दिनांक........2024

### -:: अधिसूचना ::-

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के अंशकालिक सदस्य हेतु 01 पद, आयुर्वेद बोर्ड के सदस्य हेतु 02 पदों, यूनानी, सिद्ध और सोवा- रिग्पा बोर्ड के सदस्य हेतु 05 पदों, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड के सदस्य (आईएसएम) हेतु 03 पदों एवं सदस्य (प्रत्यायन विशेषज्ञ) हेतु 02 पदों, भारतीय चिकित्सा पद्धति आचार और पंजीकरण बोर्ड के सदस्य (आईएसएम) हेतु 02 पदों तथा सदस्य (गुणवत्ता आश्वासन/जन-स्वास्थ्य/कानूनी/रोगी परामर्श) हेतु 02 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. आवेदक की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से कम होनी चाहिए।
2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी।
3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र आयुष मंत्रालय की वेबसाइट www.ayush.gov.in पर डाले जाएंगे और वहीं से इन्हें डाउनलोड किया जा सकेगा।
4. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग प्रपत्र भरने होंगे।
5. सभी संगत प्रमाण पत्रों की सत्यापित/स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में विधिवत भरा गया आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिएः सचिव, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली - 110023, लिफाफे पर बड़े अक्षरों में "भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग में .................... (संबंधित पद) पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

CBC- 17201/11/0014/2425



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/17/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के खलारी प्रखंड अंतर्गत लपरा पंचायत के चट्टी नदी ग्राम के समीप चट्टी नदी पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 437.903 | 8,76,000 | 10,000 | 18 माह |
| 2 | राँची जिला के रातू प्रखंड अंतर्गत बजरा में बजरा से अडगोरा टीपाटोली को जोड़ने वाली हरमू नदी पर पुल निर्माण। | 372.40239 | 7,45,000 | 10,000 | 18 माह |
| 3 | राँची जिला के बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत बुढ़मू मुक्का पथ में स्थित नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 426.802 | 8,53,700 | 10,000 | 18 माह |
| 4 | राँची जिला के नामकुम प्रखंड के तुम्बागुटू के बीच करमटोली भूत बंगला के पीछे श्मशान घाट तुम्बा नाला पर पुल निर्माण। | 205.159 | 4,10,500 | 10,000 | 18 माह |
| 5 | राँची जिला के प्रखंड रातू, पंचायत–हुरहुरी, ग्राम फेटा में महदनिया के पास फेटा से टंगटन टोली जोड़ने वाली फेटा नदी पर पुल निर्माण। | 390.807 | 7,81,700 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.09.2024 से दिनांक 20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 334866 Rural Development(24-25).D

# टमाटर, पॉल्ट्री की कीमतें घटने से खाने की थाली हुई सस्ती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पवित्र श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने की वजह से टमाटर और पॉल्ट्री की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इससे अगस्त के महीने में घर में पकाए जाने वाले भोजन की कीमतों में कमी देखी गई।

■ श्रावण मास में टमाटर व पॉल्ट्री की कीमतें घटी

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी भोजन की कीमत जुलाई के 32.6 रुपये प्रति थाली की तुलना में अगस्त में चार प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हो गई। वहीं पिछले साल के अगस्त महीने में इसकी कीमत 34 रुपये प्रति थाली थी।

## घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

### टमाटर की नरमी की रही अहम भूमिका

यह जुलाई के मुकाबले 23 प्रतिशत और एक साल पहले के मुकाबले 51 प्रतिशत की गिरावट है। थाली की कीमतों में गिरावट के पीछे टमाटर में आई नरमी की अहम भूमिका रही है। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं, जबकि मांसाहारी थाली में दाल की जगह ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें शामिल हैं।




### ब्रॉयलर की कीमत तीन फीसदी गिरी

हिंदुओं के लिए बेहद पवित्र श्रावण माह में ब्रॉयलर की कीमतों में मासिक आधार पर तीन प्रतिशत और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत गिरावट आई। इससे पिछले साल की तुलना में मांसाहारी थाली की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में रसोई गैस की कीमतों में कमी आने से ईंधन की लागत में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में रही नरमी





साथ ही वनस्पति तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में नरमी ने भी पिछले साल की तुलना में भोजन की लागत को कम किया है। क्रिसिल ने कहा कि अगस्त में भोजन की कीमतों में अधिक गिरावट आती, लेकिन प्याज की कीमतों में 15 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 13 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से ऐसा नहीं हो पाया।

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट ऋण व इक्विटी से 3200 करोड़ जुटाएगी



**मुंबई।** नकदी संकट से जूझ रही घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने ऋण व इक्विटी तथा प्रवर्तक द्वारा पूंजी निवेश से 3,200 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की योजना बनाई है। इस धनराशि का इस्तेमाल देनदारी का निपटान, बेड़े के विस्तार, अन्य सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा।

### बाजार स्टाइल का शेयर तीन फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** रेखा झुनझुनवाला समर्थित खुदरा परिधान विक्रेता बाजार स्टाइल रिटेल का शेयर शुक्रवार को बाजार में सपाट शुरुआत करने के बाद अपने निर्गम मूल्य 389 से करीब तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर 389 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान 10.83 प्रतिशत बढ़कर 431.15 रुपये पर पहुंच गया था।

### स्ट्राइड्स फार्मा को जेनेरिक के लिए अमेरिका में मंजूरी





**नई दिल्ली।** स्ट्राइड्स फार्मा साइंस लिमिटेड की शाखा को थियोफिलाइन एक्सटेंडेड-रिलीज गोलियों के जेनेरिक संस्करण के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से मंजूरी मिल गई है। स्ट्राइड्स फार्मा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (सिंगापुर) को दी गई मंजूरी एक्सटेंडेड-रिलीज टैबलेट 300 एमजी और 450 एमजी के जेनेरिक संस्करण के लिए है।

### 'डीडैक इंडिया-2024' में भाग लेंगी 20 देशों की कंपनियां




**नई दिल्ली।** एशिया की सबसे बड़ी शिक्षा एवं कौशल क्षेत्र की प्रदर्शनी और सम्मेलन 'डीडैक इंडिया 2024' के 14वें संस्करण में 20 देशों की 300 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियां 5,000 से अधिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगी। 14वें संस्करण का आयोजन आईडीए के साथ मिलकर वैश्विक प्रदर्शक मेस्से स्टटगार्ट इंडिया द्वारा किया जाएगा।

### ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने क्यूआईपी से जुटाए 1,500 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने कारोबार विस्तार की अपनी रणनीति के तहत संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने धन जुटाने के लिए दो सितंबर को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) जारी किया था, जो पांच सितंबर को बंद हुआ।

### फिनोलेक्स केबल ने बर्वे को किया चेयरमैन नियुक्त




**नई दिल्ली।** फिनोलेक्स केबल (एफसीएल) ने रत्नाकर बर्वे को अपना नया चेयरमैन नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बर्वे ने निखिल नाइक का स्थान लिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के परिणाम को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद यह नियुक्ति हुई है। बैठक में शेयरधारकों ने निदेशक मंडल के पूर्व कार्यकारी चेयरमैन दीपक छाबड़िया की पुनः नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया था।

## निवेशकों के एक झटकें में 5.49 लाख करोड़ स्वाहा

# शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,017 अंक टूटकर दो सप्ताह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया।

कारोबारियों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल एवं गैस कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बिकवाली आने से स्थानीय बाजार में बड़ी गिरावट आई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017.23 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। यह दो सप्ताह का सबसे निचला बंद स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 292.95 अंक गिरकर 24,852.15 अंक पर आ गया। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा।

### घरेलू बाजार में रही घबराहट

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एफआईआई खुलासा मानकों पर सेबी की समयसीमा के कारण घरेलू बाजार में घबराहट रही। हालांकि, इससे दीर्घावधि में एफआईआई के बीच भारत को लेकर आकर्षण पर कोई असर पड़ने की आशंका नहीं है।'

■ वैश्विक बाजार में कमजोर रुख रहा
■ विदेशी कोषों ने बड़े पैमाने पर की निकासी
■ घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज

## एसबीआई में चार फीसदी की बड़ी गिरावट



सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में सर्वाधिक चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी नुकसान रहा। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन बड़े नुकसान के साथ हुआ। इस सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स में 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत जबकि एनएसई निफ्टी में 383.75 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में भी गिरावट दर्ज की गई।

**क्रूड आइल में तेजी रही**

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 688.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.14 प्रतिशत बढ़कर 72.79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### निवेशकों की संपत्ति 5.49 लाख करोड़ रुपए घटी

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट से शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 5.49 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017.23 अंक यानी 1.24 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। यह 23 अगस्त के बाद सेंसेक्स का सबसे निचला स्तर है।

### कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर पड़ा असर

शेयर बाजार में आई बड़ी गिरावट का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर पड़ा और यह 5,49,925.16 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 4,60,18,976.09 करोड़ रुपये (5.48 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई।

# चांदी में 1200 रुपए की बड़ी उछाल, सोना चमका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ चांदी बढ़कर 85,800 रुपए प्रति किलोग्राम
■ सोने में 100 रुपए की मामूली तेजी

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बढ़ती मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 74,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई जबकि चांदी का भाव 1,200 रुपये के उछाल के साथ 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को पिछले सत्र में चांदी 84,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100-100 रुपये बढ़कर क्रमशः 74,200 रुपये और 73,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बढ़ती मांग के साथ-साथ विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल के कारण सोना मजबूत हुआ। विदेशी मोर्चे पर, कॉमेक्स सोना 0.22 प्रतिशत बढ़कर 2,548.80 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

### सीमा शुल्क में कटौती से सोने की मांग बढ़ी

जुलाई के अंत में भारत में सोने पर सीमा शुल्क में कटौती की गई, जिससे देश में सोने की मांग को बढ़ावा मिला। इस कटौती के बाद आभूषण खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ उपभोक्ताओं की ओर से भी मजबूत खरीदारी की गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने में बढ़त जारी रही, क्योंकि अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़े कमजोर रहने के बाद अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट आई।

### अमेरिकी आंकड़ों पर बाजार की नजर

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस शोध मानव मोदी के अनुसार, इस सप्ताह कम नौकरियों के आंकड़ों के बाद अब ध्यान शुक्रवार को जारी होने वाले सभी महत्वपूर्ण अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर के आंकड़ों पर है।

## केएससी टेक्नो ने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए तीन नए उत्पाद लांच किए




**रायपुर।** केएससी टेक्नो प्रा. लि. ने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए तीन नए गुणवत्ता वाले उत्पाद पेश किए हैं। कंपनी के प्रबंधक निदेशक सुनीत चतुर्वेदी ने बताया कि ये उत्पाद विभिन्न बीमारियों से फसलों की सुरक्षा में मददगार साबित होंगे। नए उत्पादों की संख्या में पहला उत्पाद स्कार्ट प्लस है, जो इल्ली वर्गीय कीड़ों को सभी फसलों में नियंत्रण में सहायक है। इसे 100 एमएल प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जा सकता है। दूसरा उत्पाद ग्लोस्टर है, जो अंतर प्रवाही एवं ब्रॉड स्पेक्ट्रम फफूंद नाशक है जो सब्जियों तथा धान की फसल की बीमारियों जैसे कि की एंथ्रेक्नोज ब्लाइट लेट ब्लाइट इत्यादि बीमारियों को नियंत्रित करता है। इसे 200 एमएल प्रति एकड़ की मात्रा में उपयोग किया जा सकता है। तीसरा उत्पाद स्प्लेंडर है, जो धान की सड़न और गलन को रोकने में प्रभावी है, और इसका 150 एमएल प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, भूरा माहू के लिए नुनजा और ल्यूजिन का 100 से 120 ग्राम प्रति एकड़ की मात्रा में उपयोग कर फसल उत्पादन को बढ़ाया सकता है। वैज्ञानिक सलाह के अनुसार फूल की अवस्था में दवा का उपयोग कम करना चाहिए और दूधिया दाना भर जाने पर उर्वरा गोल्ड तरल का 250 से 300 एमएल किसी भी दवा के साथ मिला कर उपयोग करने से अधिक लाभ और बेहतर फसल गुणवत्ता प्राप्त की जा सकती है।

## सिंघानिया बिल्डकॉन के 'मेगा लोन मेला' को मिल रहा शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** रियल एस्टेट क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने हीरापुर चौक स्थित हर्षित लैंडमार्क में 8 सितंबर तक 'मेगा लोन मेला' का आयोजन किया है। जिसको लोगों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। इस मेले का मुख्य आकर्षण है 'फ्लैट खरीदें, एक प्लॉट मुफ्त पाएं' स्किम है। इसके अतिरिक्त खरीदारों को 1% तक ब्याज दर में छूट और मुफ्त डॉक्युमेंटेशन की सुविधा भी मिलेगी। मेले में विशेष रूप से प्रीमियम 3 बीएचके और 4 बीएचके अपार्टमेंट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। जो रेरा के अंतर्गत पंजीकृत हैं और खरीदारों को सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। खरीदारों को प्रमुख बैंकों से ऋण सेवाएं प्राप्त होंगी, जिनमें एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस, पीएनबी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं। इससे फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध होंगे।

## अविनाश वन रेजीडेंशियल अपार्टमेंट के डेमो फ्लैट की लांचिंग जल्द

**रायपुर।** अविनाश ग्रुप के प्रीमियम प्रोजेक्ट अविनाश वन, जो छत्तीसगढ़ के टॉलेस्ट टावर के रूप में प्रसिद्ध है, इसके डेमो अपार्टमेंट की लाचिंग जल्द ही होने वाली है। यह प्रोजेक्ट मैग्नेटो मॉल के सामने स्थित है और यहां आने वाले ग्राहक अपार्टमेंट की भव्यता का अनुभव कर सकेंगे।

अविनाश ग्रुप ने पज़ेशन को समय पर देने का वादा किया है, और कमर्शियल ऑफिस का पज़ेशन भी शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट का कांसेप्ट 'लिव, वर्क, प्ले एंड शॉप' पर आधारित है। जिसमें परिवार के साथ रहने और विभिन्न सुविधाओं का आनंद लेने की सुविधा है। यहां सर्विस अपार्टमेंट की बढ़ती मांग भी देखी जा रही है। इस प्रोजेक्ट




में जी प्लस 19 फ्लोर का रेजीडेंशियल टावर है, जिससे पूरे शहर का नज़ारा देखने का अद्वितीय अनुभव मिलेगा। जीई रोड पर स्थित इस प्रोजेक्ट के आस-पास कई बड़े होटल्स, रेस्टोरेंट्स, मैरिज गार्डन और क्लब हैं। नया रायपुर, एयरपोर्ट, मरीन ड्राइव और जय स्तम्भ यहां से कुछ ही मिनटों की दूरी पर हैं। कमर्शियल स्पेस को 'हैप्पी स्ट्रीट' नाम दिया गया है, जिसमें रिटेल शॉप्स, कैफ़े, एंकर शोरूम, रेस्टोरेंट्स, कीओस्क और ऑफिस स्पेस शामिल हैं।

डेमो अपार्टमेंट की लाचिंग के दौरान आप साइट विजिट कर सकते हैं और अविनाश वन के लक्ज़री अनुभव का लाभ उठा सकते हैं। यह प्रोजेक्ट एक मिक्स डेवलपमेंट लाइफस्टाइल का अनूठा अनुभव प्रदान करता है।

## गॉडफ्रे सिगरेट कारोबार पर ध्यान करेगी केंद्रित

**नई दिल्ली।** सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया (जीपीआई) लिमिटेड की चेयरपर्सन बीना मोदी ने शुक्रवार को कंपनी के खुदरा कारोबार '24सेवन' को बंद करने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि ऐसा अपने मुख्य सिगरेट कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया गया है। '24सेवन' के पीछे बीना मोदी के पुत्र समीर मोदी का दिमाग है, जिनका अपनी मां के साथ संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। शेयरधारकों को संबोधित करते हुए बीना मोदी ने कहा, ''हमारे मुख्य व्यवसाय पर यह ध्यान दिवंगत वैश्विक प्रबंधन गुरु प्रोफेसर सी के प्रहलाद के 'मुख्य योग्यता का सिद्धांत' के अनुरूप है।

## स्विगी के मंच पर 'इनकॉग्निटो' मोड ऑर्डर की अब सुविधा

■ भोजन व जरूरी सामान का आर्डर गोपनीय ढंग से दे सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी ने शुक्रवार को कहा कि उसने उद्योग में पहली बार 'इनकॉग्निटो' मोड सुविधा शुरू की है, जिससे उपयोगकर्ता भोजन और अन्य जरूरी सामान का ऑर्डर गोपनीय ढंग से दे सकते हैं।

इनकॉग्निटो इंटरनेट ब्राउजर का एक खास स्वरूप है जिसका इस्तेमाल करने पर उपयोगकर्ता की सर्च हिस्ट्री दर्ज नहीं होती है और इस मोड में की गई गतिविधियां सामान्य ब्राउजर में नहीं दिखाई देती हैं। स्विगी ने बयान में कहा कि उसके मंच पर इनकॉग्निटो मोड को सक्रिय कर उपयोगकर्ता गोपनीय रूप से खरीदारी कर सकता है और उसका ऑर्डर ऐप की हिस्ट्री में भी नहीं दिखाई देगा। यह सुविधा स्विगी के फूड और इंस्टामार्ट दोनों खंडों पर उपलब्ध कराई गई है। गुप्त मोड गोपनीय खरीदारी के लिए भी आदर्श है क्योंकि यह सुविधा सुनिश्चित करती है कि ऐसे ऑर्डर निजी रहें ताकि उपयोगकर्ताओं की पसंद दूसरों को दिखाई न दे।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 683.987 अरब डॉलर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 86.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गया।

## आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा

# इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से बढ़ने दें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार को घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र को प्रोत्साहनों पर निर्भरता के बिना स्वाभाविक रूप से बढ़ने देना चाहिए क्योंकि इससे देश चीन के लिए 'ईवी कॉलोनी' बनने से बच जाएगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह बात कही।

इसमें कहा गया है कि भारत को बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने में ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका सामना अन्य देशों को नहीं करना पड़ रहा है। जीटीआरआई ने कहा कि इन चुनौतियों में कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न 80 प्रतिशत बिजली, बार-बार बिजली कटौती और देश में बैटरी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे ईवी बनाने के लिए जरूरी घटकों के लिए आयात पर निर्भरता शामिल है।

## देश चीन के लिए ईवी कॉलोनी बनने से बच जाएगा

### चीन की नजरें भारत के बाजार पर जमी

शोध संस्थान ने कहा कि वैश्विक ईवी बाजार में भूचाल आ रहा है, जिसकी वजह अमेरिका, यूरोपीय संघ और कनाडा द्वारा चीन से ईवी और उसके पुर्जों के आयात पर उच्च शुल्क और प्रतिबंध लगाना है। ये क्षेत्र चीन के वैश्विक ईवी निर्यात का लगभग आधा हिस्सा बनाते हैं और एक रणनीतिक मोड़ में, चीन अपना उत्पादन आसियान देशों में स्थानांतरित कर रहा है और भारत पर अपनी नज़रें जमा रहा है।



### इकाइयां अब भी चीन से आयात पर निर्भर

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये उत्पादन इकाइयां अब भी चीन से आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहेंगी, क्योंकि बैटरी सहित 70-80 प्रतिशत पुर्जे वहीं से आते हैं। थाइलैंड चीनी कंपनियों को स्थानीय उत्पादन की अनुमति देने वाला पहला देश है।


### भारत के पास अपना बड़ा बाजार

जीटीआरआई ने कहा, ''इन चुनौतियों पर विचार करते हुए भारी प्रोत्साहनों के साथ मैदान में उतरने या चीनी आयात पर निर्भर होने के बजाय भारत के पास अपने ईवी क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से विकसित होने देने का अवसर है। बाजार की ताकतों को क्षेत्र की वृद्धि को आगे बढ़ाने की अनुमति देकर, भारत चीन के लिए 'ईवी कॉलोनी' बनने से बच सकता है और वैश्विक ईवी परिदृश्य में अपना रास्ता बना सकता है।''

### थाईलैंड कम बिक्री की शिकायतों का सामना कर रहा

थाईलैंड जो पहले से ही बढ़ते आयात और स्थापित विनिर्माताओं से कम बिक्री की शिकायतों के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह भी जोखिम है कि चीन भारत में अतिरिक्त इलेक्ट्रिक वाहन डाल सकता है, क्योंकि विकसित बाजारों तक उसकी पहुंच कठिन हो जाएगी।

## किआ ने सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस के 'ग्रेविटी' संस्करण पेश किए



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता किआ इंडिया ने भारतीय परिचालन के पांच साल पूरे होने पर अपने लोकप्रिय मॉडल सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस के 'ग्रेविटी'' संस्करण पेश किए हैं। कंपनी ने यह जानकारी दी। किआ इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसके ग्रेविटी संस्करण को कई खास खूबियों एवं सुविधाओं से लैस किया गया है। इनमें डैश कैम, बड़ा डिजिटल क्लस्टर, वेंटिलेटेड सीट, बेहतरीन स्पीकर और इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक शामिल हैं।

# टी64 ऊंची कूद : प्रवीण ने जीता स्वर्ण, भारत को दिलाया 26वां पदक

एजेंसी ▶▶| पेरिस

टोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के प्रवीण (21 साल) ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।



### प्रवीण का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

प्रवीण ने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाए रखा। इसके बाद प्रवीण और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा। यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था।

### क्या है टी64 इवेंट ?

टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। प्रवीण का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बाएं पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे।

### ऊंची कूद में तीसरा पदक

शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु के बाद प्रवीण पेरिस में पदक जीतने वाले ऊंची कूद के तीसरे एथलीट हैं। शरद ने तीन सितंबर को पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में रजत और थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता था।

### हरविंदर और प्रीति होंगे भारत के ध्वजवाहक

स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। तैतीस वर्ष के हरविंदर पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने टोक्यो में 2021 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिए है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा।'



# द्रविड़ की आईपीएल में वापसी राजस्थान के बने मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था। इसके साथ ही मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था। भारतीय टीम को विश्व विजेता बनाने वाले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अब आईपीएल में वापसी हो गई है। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया है। टीम ने शुक्रवार को एक्स पर इसकी घोषणा की। राजस्थान रॉयल्स के एक्स अकाउंट पर राहुल द्रविड़ की पिंक जर्सी के साथ एक तस्वीर शेयर की गई। कैप्शन में लिखा गया, भारत के महान विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स में सनसनीखेज वापसी के लिए तैयार हैं! क्रिकेट आइकन को रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के सीईओ जेक लश मैक्रम ने पिंक जर्सी दी।

# 900वां रिकॉर्ड कॅरियर गोल दागा भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो



131वां अंर्राष्ट्रीय गोल अपने देश के लिए दागा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैलन डी'ओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो क्रोएशिया के खिलाफ मैच में कॅरियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने कॅरियर का पहला गोल किया हो। सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंटस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।


### संन्यास अभी नहीं

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद।! रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।

# पेगुला-सबालेंका में होगा यूएस ओपन का खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता।



### इरानी और वावसोरी बने चैंपियन

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, 'यह वर्ष मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। यह वर्ष शानदार रहा है।'

### गुहा को स्वर्ण, इनियान ने जीता रजत पदक

**वास्काडुवा।** भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पोडियम स्थान हासिल किए। ग्रैंडमास्टर मित्राबा गुहा ने 6.5 अंक के साथ स्वर्ण जीता जबकि ग्रैंडमास्टर पनीरसेल्वम इनियान ने छह अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। ग्रैंडमास्टर लक्ष्मण राजाराम को कांस्य पदक मिला। भारत के 14 खिलाड़ियों में सभी शीर्ष 30 में रहे। भारतीय महिलाओं में फिडे मास्टर कल्याणी सिरिन चार अंक लेकर संयुक्त नौवे स्थान पर रही। मेरी अन गोम्स 12वें, साक्षी चिटलांगे और सागर तेजस्विनी संयुक्त 16वें और आरुषि कोतवाल 20वें स्थान पर रहीं।










नई स्टडी में बड़ा खुलासा

# धरती में कैसे बनती हैं सोने की डल्लियां?



एजेंसी ▶▶| कैनबरा

वैज्ञानिकों ने एक बड़ी खोज की है। उन्होंने पता लगा लिया है कि कैसे भूकंप के कारण क्वार्ट्ज से बड़े सोने के टुकड़े बनते हैं। यह एक ऐसा रहस्य रहा है जो दशकों से शोधकर्ताओं को परेशान करता रहा है। सोना प्राकृतिक रूप से क्वार्ट्ज चट्टानों में बनता है। फेल्डस्पार के बाद पृथ्वी की परत में दूसरा सबसे प्रमुख खनिज है। लेकिन, अन्य प्रकार के सोने के भंडारों के विपरीत क्वार्ट्ज में पाए जाने वाले भंडार अक्सर विशाल सोने के टुकड़े होते हैं। ये टुकड़े क्वार्ट्ज की दरारों में तैरते हैं, जिसे भूविज्ञानी क्वार्ट्ज नसें कहते हैं।

**दशकों से अनसुलझे सवाल का आखिरकार मिला जवाब**

### भूकंप का पड़ता है असर

स्टडी के मुताबिक सोने की ये डल्लियां बेहद मूल्यवान हैं और अब तक खनन किए गए कुल सोने का 75 फीसदी तक हैं। उन्होंने कहा कि दो अलग-अलग सुरागों ने उनके सहयोगियों को रहस्य सुलझाने में मदद की। स्टडी से पता चला है कि सोने की डल्लियां अक्सर उन क्षेत्रों में बनती हैं जहां भूकंप आते हैं। भूकंप इन चट्टानों को तोड़ सकता है और हाइड्रोथर्मल तरल पदार्थ को क्वार्ट्ज दरारों में धकेल सकता है। लेकिन क्वार्ट्स एक विशेष प्रकार का खनिज है जिसे पीजोइलेक्ट्रिक कहा जाता है।

### ऐसे बनती है सोने की डल्ली

जब हाइड्रोथर्मल पदार्थ ऊपर चढ़ने लगते हैं, तभी इलेक्ट्रिक चार्ज तरल पदार्थ को ठोस सोने में बदलने लगता है और किसी एक जगह पर इकट्ठा हो जाता है। इससे सोने की डली बन जाती है। सोना एक- दूसरे में चिपक जाता है। इसलिए जब एक छोटी डली बनती है तो यह और भी सोने को आकर्षित करती है। हर भूकंप के साथ यह बड़ी होती रहती है। वोइसी ने कहा कि अब तक पाया गया सबसे बड़ा ओरोजेनिक सोने की डल्ली का वजन 60 किग्रा था। लैब में उन्होंने एक प्रयोग किया, जिसमें उन्हें यही नतीजे मिले।

# बिग बैंग से नहीं बना ब्रह्मांड, पहले भी था रहस्यमयी जीवन

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

ब्रह्मांड रहस्यों से भरा हुआ है। इन रहस्यों को जानने के लिए वैज्ञानिक सालों से शोध कर रहे हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड का जन्म बिग बैंग की घटना के बाद हुई होगी। हालांकि, अब एक नए शोध में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि बिग बैंग से पहले भी ब्रह्मांड में रहस्यमयी जीवन रहा हो सकता है। अगर यह बात सच साबित हो जाती है, तो ब्रह्मांड खासकर ब्लैक होल और डार्क मैटर को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में बदलाव हो सकता है। इस शोध का एक अर्थ यह है कि ब्रह्मांड की शुरुआत बिग बैंग से नहीं हुई।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक वैज्ञानिक मानते आ रहे हैं कि बिग बैंग नाम की घटना के बाद ब्रह्मांड की शुरुआत हुई थी। नए शोध में बताया गया है कि हमारा ब्रह्मांड बिग बैंग से पहले संकुचन के चरण से गुजरा यानी सिकुड़ गया। इसके बाद इसका विस्तार हुआ। शोध में बताया है कि इन बदलावों ने बिग बैंग से पहले ही ब्लैक होल और डार्क मैटर के निर्माण में भूमिका निभाई। डार्क मैटर से हमारे ब्रह्मांड के करीब 80 फीसदी मैटर का निर्माण होता है।

**नए शोध में हुए खुलासे से वैज्ञानिक हैरान**




### शुरुआती चरण में है यह शोध

शोध में यह भी जानकारी सामने आई है कि ब्रह्मांड के सिकुड़ने की घटना के समय उसके घनत्व में उतार-चढ़ाव के कारण छोटे ब्लैक होल का निर्माण हो सकता था। शायद यह ब्लैक होल बचे रह गए और उनके कारण डार्क मैटर बना। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि भविष्य में गुरुत्वाकर्षण तरंगें जैसे लेजर इंटरफेरोमीटर स्पेस एंटीना जैसा इंस्ट्रूमेंट और टेलीस्कोप से इन ब्लैक होल को लेकर नई जानकारी मिलेगी। इस खोज से उस सिद्धांत को भी समर्थन मिलता है जिसमें ब्लैक होल को डार्क मैटर माना जाता है। अभी अपने शुरुआती चरण में यह शोध है।

# सुनीता विलियम्स को लेकर गया बोइंग स्टारलाइनर लौट रहा खाली

**आज करेगा लैंड**



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर लेकर स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने वाला बोइंग स्टारलाइनर शनिवार को वापस लौट आएगा। सुनीता और बुच स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्टारलाइनर को तैयार कर रहे हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष यान का हैच बंद कर दिया है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को भारतीय समय के हिसाब से सुबह 3.30 बजे स्टारलाइनर आईएसएस से निकलेगा और करीब छह घंटे बाद अमेरिका के न्यू मैक्सिको में लैंड करेगा।नासा ने बताया है कि अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनी विलियम्स ने स्टारलाइनर को कार्गो के साथ पैक करने और वापसी के लिए इसके केबिन को कन्फिगर करने का काम पूरा कर लिया है। दोनों ने गुरुवार दोपहर को आखिरी बार स्टारलाइनर की हैच को बंद किया। इसके बाद अंतरिक्ष यान वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया है। स्टारलाइनर में कोई क्रू नहीं होगा, ऐसे में इसकी वापसी ऑटोनोमस मोड में होगी। नासा के फ्लाइट डायरेक्टर एड वान सिसे ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उनकी टीम इस काम में बुच और सुनीता के साथ सहयोग कर रही है।

### अगले साल होगी सुनीता का वापसी

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेसएक्स के एक नए स्पेसक्राफ्ट में अगले साल फरवरी में धरती पर वापस आएंगे। ये फैसला इसलिए लिया गया गया है, क्योंकि बोइंग स्टारलाइनर में थ्रस्टर विफलताएं और हीलियम रिसाव देखा गया था। ऐसे में इससे अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष कैप्सूल में वापस लौटना जोखिम भरा हो गया था। ऐसे में स्टारलाइन को बिना अंतरिक्ष यात्रियों के वापस लाने का फैसला लिया गया।

### मैं वापस आऊंगी मां

**अंतरिक्ष से सुनीता विलियम्स का संदेश**



बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट ने सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर जून में अपनी पहली अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। मिशन के तहत दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को आठ दिन अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में बिताने थे। लेकिन, स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के चलते यह मिशन लंबा खिंचता चला गया। आखिरकार दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नासा ने स्टारलाइनर को बिना क्रू के धरती पर वापस लौटाने का फैसला लिया। नासा का कहना है कि उनके लिए अपने अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए ये फैसला लिया गया है। भारतीय और स्लोवेनियाई मूल की सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ इस साल जून से स्पेस स्टेशन में फंसी हुई है। सुनीता अनुभवी एस्ट्रोनॉट हैं। उन्हें 1998 में नासा के अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था। अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी पहली यात्रा 2006 में हुई थी।

# पृथ्वी पर सबसे लंबे समय तक जीवित रहता है कछुआ



**नई दिल्ली।** कछुआ उन दुर्लभ जीवों में से एक है जिसकी उम्र 100 वर्ष से अधिक होती है। कछुए की कई विशेषताएं होती हैं, जिनमें से एक सबसे बड़ी खासियत है कि कछुआ सैकड़ों साल तक जीवित रहता है। कछुआ की औसत उम्र 80 से 150 साल की होती है, लेकिन कछुए की कुछ प्रजातियां 250 साल से भी अधिक उम्र तक जीवित रहती हैं। अब तक सबसे अधिक उम्र तक जीवन जीने वाले कछुआ का नाम 'अलडाबरा टोरटॉयज' है, ये करीब 256 साल तक जिंदा रहा था। मगर, क्या कभी आपने सोचा है कि कछुए की उम्र इतनी अधिक क्यों होती है? अलडाबरा टॉरटॉइज आकार में काफी बड़ा था, और ये कछुआ सेशेल्स आइलैंड में रहा करता था। अलडाबरा टॉरटॉइज पर उस दौरान कई रिसर्च हुए, जिसके बाद कछुओं की लंबी उम्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने आईं।

**'अलडाबरा टोरटॉयज' नाम का कछुआ 256 साल तक रहा था जिंदा**

### कठोर कवच बाहरी हमलों से करता है सुरक्षा

दूसरी चीज कछुओं के शरीर के ऊपर एक कठोर कवच होता है, जो उनके अंगों की बाहरी हमलों से सुरक्षा प्रदान करता है। अक्सर हमले होने के स्थिति में कछुआ अपने कवच के भीतर चले जाते हैं। कछुए का कवच उनकी रक्षा करता है। यह कवच उन्हें शिकारियों से बचाता है और उन्हें लंबे समय तक जीवित रहने में बहुत मदद करता है।

### वैज्ञानिकों ने बताया ये कारण

वैज्ञानिकों की मानें तो कछुओं की लंबी उम्र होने के पीछे कई कारण होते हैं। सबसे पहले तो कछुओं की लंबी उम्र का रहस्य उनके डीएनए स्ट्रक्चर में छिपा हुआ है। उनके जीन वेरिएंट लंबे समय तक सेल के भीतर डीएनए की मरम्मत करते रहते हैं। इस कारण सेल की एंट्रोपी की समय सीमा काफी बढ़ जाती है, जो उन्हें लंबी उम्र तक जीने में मदद करती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक 256 साल तक जीवन जीने वाले अलडाबरा टॉरटॉइज पर हुई एक रिसर्च में इस बात का पता चला कि अच्छे जीन वैरिएंट के कारण ही वह इतने लंबे समय तक जिंदा रह सका था।


**6 साल में खत्म हो जाएगा जहाज का मलबा**

# टाइटैनिक को कभी नहीं देख पाएगा इंसान! तेजी से खा रहा बैक्टीरिया

एजेंसी ▶▶| लंदन

टाइटैनिक का मलबा तेजी से खत्म हो रहा है। एक बैक्टीरिया इसे खा रहा है और अगले छह साल में ये पूरी तरह से गायब हो सकता है। टाइटैनिक के मलबे की नई तस्वीरों में जहाज को समुद्र तल पर कम होते दिखाया गया है। मलबे पर जानकारी जुटाने वाली टीम ने पाया है कि जहाज के टुकड़े-टुकड़े हो रहे हैं और बड़े हिस्से समुद्र तल पर बिखरे गए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि 112 साल पुराना यह मलबा तेजी से सड़ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि इस प्रतिष्ठित जहाज की धातु संरचना को बैक्टीरिया खा रहे हैं, इससे जंग के स्टैलेक्टाइट्स (रस्टिकल्स) बन रहे हैं। ये जहाज के मलबे को तेजी से खत्म कर रहे हैं।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने टाइटैनिक को खा रहे बैक्टीरिया का नाम 'हेलोमोनस टाइटेनिका' रखा है। एक्सपर्ट का मानना है कि ये 2030 तक पूरे जहाज को खा जाएंगे। मलबे पर सामने आई नई जानकारी से पता चलता है कि समुद्र तल पर एक सदी से अधिक समय तक रहने के बाद मलबा तेजी से विघटित हो रहा है। इसी साल आरएमएस टाइटैनिक इंक ने पाया कि भूखे सूक्ष्मजीवों के कारण जहाज के सामने की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा अब समुद्र तल पर पड़ा है।



### जहाज के अंदरूनी हिस्से में बढ़ रही सड़न

विशेषज्ञों का मानना है कि जहाज का अंदरूनी हिस्सा तेजी से सड़ रहा है, क्योंकि पनडुब्बियों के लिए सुलभ मार्ग अब ढह गए हैं। कैप्टन एडवर्ड स्मिथ के क्वार्टर से बाथटब की ली गई तस्वीरें 1996 में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। लेकिन, 2004 में उसी बाथटब की ली गई फोटो दिखाती हैं कि बैक्टीरिया ने कितनी तेजी से अंदरूनी हिस्से को खत्म किया। यहां तक कि वह कमरा भी अब मौजूद नहीं है। अंदरूनी हिस्सा का मलबे तेजी से नष्ट हो गया है।

# यहां जलती पटरियों पर दौड़ती है ट्रेन, वर्ना हो जाएगा बड़ा हादसा

**न्यूयार्क।** आए दिन ट्रेन एक्सीडेंट की खबरें हमें पढ़ने को मिल जाती हैं, जिसमें कई लोग मारे जाते हैं। कहीं पर ट्रैक टूटा होता है, तो कहीं सेम ट्रैक पर दो ट्रेने आपस में टकरा जाती हैं। कई बार ट्रेन खुद बेपटरी हो जाती है, तो कभी आग लगने की वजह से हाहाकार मच जाता है। ऐसे में रेलवे अक्सर पटरियों की जांच करवाती है, ताकि कोई एक्सीडेंट न हो। साथ ही आग लगने की घटना से बचा जा सके, इसलिए सिगरेट-बीड़ी पीने पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन, क्या आपने किसी ऐसे रेलवे ट्रैक के बारे में सुना है, जहां की पटरियों पर जान-बूझकर आग लगाई जाती है? यानी कि पटरियों पर चारों तरफ आग ही आग होता है, जबकि उसके ऊपर से ट्रेन गुजरती है। आपको जानकर हैरानी हो रही होगी, लेकिन ये बिल्कुल सच है। ऐसा ही एक रेलवे ट्रैक अमेरिका के शिकागो में है। इस ट्रैक की पटरियों पर जानबूझकर आग लगाई गई होती है।

**आखिर क्या है पूरा मामला!**








# 44 हज़ार रुपए का खाया खाना बिल आते ही चंपत हुआ परिवार

**रेस्टोरेंट मालिक भी कम नहीं था, लिया ऐसा बदला!**

**लंदन।** रेस्टोरेंट जाना हो तो हमेशा अपना बजट ध्यान में रखना ही चाहिए। अक्सर लोग वहां जाने के बाद माहौल और स्वादिष्ट खाने में इतने डूब जाते हैं कि ध्यान ही नहीं देते कि उन्होंने अपने बजट से ज्यादा खा लिया है। एक ऐसे ही ग्रुप ने रेस्टोरेंट को 44 हज़ार का चूना लगा दिया। इंग्लैंड के वेस्ट ससेक्स में खाना खाने पहुंचे 8 लोगों के एक ग्रुप ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने छककर खाना खाया और जब बिल देने की बारी आई, तो मुकर गए। हालांकि, रेस्टोरेंट के मैनेजर ने जो किया, वो जानकर आप कहेंगे कि ये सही बदला था। हालांकि, उन्होंने खाने के साथ ड्रिंक भी ली थी। ऐसे में रेस्टोरेंट ओनर ने उनसे कहा कि खाना खराब हो सकता है, ड्रिंक तो नहीं, क्योंकि ये उन्होंने चुनी थी। ऐसे में गुस्साए ग्राहक ने ड्रिंक के 6,600 रुपए दे दिए, लेकिन खाने का एक पैसा नहीं दिया।

### बिल देखकर हुए रफूचक्कर

एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना ला बांका इटालियन रेस्टोरेंट की है। यहां 6 लोगों की बुकिंग वाली टेबल पर कुल 8 लोग खाना खाने के लिए आए। इसमें 6 बच्चे और दो बड़े लोग थे। उन्होंने यहां बैठकर खूब खाया-पिया। आखिर में जब बारी बिल चुकाने की आई, तो उन्होंने कहा कि खाना बिल्कुल रद्दी था, इसलिए वो इसके लिए पैसे नहीं देंगे। उन्होंने ऐसा तब किया, जब वो 400 पाउंड यानी 44 हजार रुपए का खाना खा चुके थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com